## अध्याय 7

# विवाह के विषय में निर्देश

1 कुरिन्थियों के पहले छः अध्यायों में, पौलुस ने कलीसिया में ध्यान भटकाने वाली बातों के बारे में बात की जिसका पता उसे उनसे चला था जिनके पास इसका प्रत्यक्ष ज्ञान था। 6 वें अध्याय के अंत की ओर प्रेरित के द्वारा चर्चा किए गये चिंता के विषयों के मध्य में एक दृष्टिकोण यह भी था की लोगों को भौतिक अभिलाषाओं को पूरा करना चाहिए। जिन मामलों पर प्रेरित ने 6 वें अध्याय के अंत में बात की वह यह दृष्टिकोण था कि जब लोगों ने अपनी भौतिक अभिलाषाओं को पूरा किया तो उन्हें इसे पूरी लगन से किया। "यदि यह अच्छा लगता है तो इसे करो" यह एक नारा था जो 1960 और 70 की हिप्पी पीढ़ी से बहुत समय पहले से प्रचलित था। शताब्दियों से यूनान और रोम के दार्शनिक विद्यालयों ने भाग्यवादी दृष्टिकोण का तर्क दिया था कि अच्छे जीवन का मार्ग अपनी भूख को तृप्त करने में था। यदि जीवन में ईश्वरीय मार्गदर्शन, और महान छोर नहीं होते, तो जो बचता वह भूख ही थी। कुरिन्थ में कुछ लोग इस दार्शनिक विचार को बारीकी से मसीही क्षेत्र में रूपांतरित करते प्रतीत होते हैं। उन्होंने यह नारा लगाया "भोजन पेट के लिए है और पेट भोजन के लिए" (6:13), परन्तु यह नारा केवल भूख के विषय में नहीं था। यह कह रहा था कि भोजन की भूख को तृप्त करना अच्छा था और इसने किसी भी प्रकार से यौन (शारीरिक) अभिलाषाओं की संतुष्टि करने को उचित ठहराया।

इसी के साथ ही कुरिन्थ में भोग-विलास (संलिप्तता) के समानान्तर विचार विद्यालय ने तर्क दिया कि मसीहियों को भौतिक भूख को भी अवश्य दबाना चाहिए। इस सन्यासी दार्शनिकता भी यूनानी-रोमी संस्कृति में के मध्य में एक इतिहास था। सन्यास अपने लाभ के लिए आत्म-त्याग था, दूसरों के लाभ के लिए नहीं। उपवास, उदाहरण के लिए, एक आत्म-त्याग है चाहे इसका कोई भी आत्मिक या भौतिक लाभ उसे मिले जो उपवास करता है; यह सामान्य तौर पर किसी भूखे व्यक्ति को भोजन देने के उद्देश्य से नहीं होता था। इसी के समान, कुरिन्थ ने प्रत्यक्ष रूप से इस दृष्टिकोण को अपना लिया कि अभिलाषा, विशेषतः शारीरिक अभिलाषा को दबाना एक विश्वासी के लिए लाभदायक है। शताब्दियों के बाद, कुछ धर्मों ने यह निर्धारित किया है कि शारीरिक सम्बन्ध अपने आप में एक बुराई है।

जब महत्वपूर्ण नैतिक मामलों के बारे में प्रश्न उठे, तो पौलुस उनसे समझौता करने वाला नहीं था। उदाहरण के लिए चोरी, ईशनिंदा, सदैव गलत है; परन्तु

प्रेरित ने यह स्पष्ट किया कि कुछ व्यवहारों को सन्दर्भ के अनुसार देखा जाना चाहिए। यहाँ तक कि पेटूपन या एक वेश्या के साथ संगति करना पापमय है, संयम के साथ भोजन करना आवश्यक है और परमेश्वर ने एक विवाह के अंतर्गत यौन अभिव्यक्ति को आशीष दी है। अध्याय 6 की चिंताए स्वाभाविक तौर पर पौलुस के द्वारा विवाह के प्रति व्यवहार में बहती हैं। प्रेरित के लिए यह समय उन लोगों पर ध्यान केन्द्रित करने का था जो यह विश्वास करते थे कि देह को किसी प्रकार के भोग विलास के अधीन करना अत्यंत बुरा था। सारांश में, उसने इस प्रकार उत्तर दिया, पति और पत्नियों के मध्य यौन व्यवहार परमेश्वर के द्वारा स्वीकार्य है। यह कोई बुराई नहीं है।

## भोग-विलास और आत्म-त्याग का विषय (7:1-7)

कुछ वर्षों पहले पौलुस के कुरिन्थ से चले जाने के बाद, उसके 1 कुरिन्थियों की पत्री को लिखने से पहले, वास्तव में वहाँ के मसीहियों के पास स्थानीय भविष्यद्वक्ताओं को छोड़कर अन्य कोई मार्गदर्शन नहीं था जिन्होंने कुछ तरह से इस गड़बड़ी में ही योगदान दिया था (देखें 14:22-25)। विभिन्न दृष्टिकोणों के अधिवक्ताओं के बीच आंतरिक झगड़ा हुआ; और इसमें कोई संदेह नहीं है, कि लोकप्रिय दर्शनशास्त्र ने कलीसिया के विवादों में योगदान दिया।

एक विवाद भड़क उठा, मसीहियों को पता चला कि पौलुस निकट ही था, यहाँ तक कि वह इफिसुस में था। वास्तव में, पौलुस उन्हें कम से कम एक पत्र लिखने के द्वारा एक सम्पर्क की पहल की थी (5:9)। मसीहियों ने मार्गदर्शन की खोज में, उसे वापस लिखा। पौलुस को लिखे गए पत्र को वास्तव में किसके शब्द थे यह अज्ञात है। यह सम्भवतः तीन संदेशवाहकों के द्वारा जिन्होंने इसे पहुँचाया था या जिस सम्मिति ने इसका प्रारूप तैयार किया उनके द्वारा लिखा गया। इस पत्र की आधारभूत सामग्री को उस प्रतिक्रिया के द्वारा निर्धारित किया जा सकता है जो पौलुस ने इसके विषय में 1 कुरिन्थियों में की थी।

**[1]उन बातों के विषय में जो तुम ने लिखीं, यह अच्छा है कि पुरुष स्त्री को न छूए। [2]परन्तु व्यभिचार के डर से हर एक पुरुष की पत्नी, और हर एक स्त्री का पति हो। [3]पति अपनी पत्नी का हक्क पूरा करे; और वैसे ही पत्नी भी अपने पति का। [4]पत्नी को अपनी देह पर अधिकार नहीं पर उसके पति का अधिकार है; वैसे ही पति को भी अपनी देह पर अधिकार नहीं, परन्तु पत्नी का है। [5]तुम एक दूसरे से अलग न रहो; परन्तु केवल कुछ समय तक आपस की सम्मति से कि प्रार्थना के लिये अवकाश मिले, और फिर एक साथ रहो; ऐसा न हो कि तुम्हारे असंयम के कारण शैतान तुम्हें परखे। [6]परन्तु मैं जो यह कहता हूँ वह अनुमति है न कि आज्ञा। [7]मैं यह चाहता हूँ कि जैसा मैं हूँ, वैसे ही सब मनुष्य हों; परन्तु हर एक को परमेश्वर की ओर से विशेष-विशेष वरदान मिले हैं; किसी को किसी प्रकार का, और किसी को किसी और प्रकार का।**

**आयतें 1, 2.** पौलुस ने जैसे - जैसे उसका पत्र आगे बढ़ा एक वाक्यांश उन **बातों के विषय** में का उपयोग कलीसिया की ओर से अन्य प्रश्नों की पहचान करने के लिए किया(7:25; 8:1; 12:1; 16:1)। यहाँ पर यह उसकी विवाह के विषय में चर्चा का परिचय देती है। कुरिन्थ में कुछ लोग शुद्धता के विषय में उसकी शिक्षा से भी परे चले गए थे और यह बात मानते थे कि मसीहियों के लिए हर परिस्थिति में यौन सम्बन्धों से दूर रहना ही अच्छा था।

इसी दृष्टिकोण के अनुसार जिसका उपयोग 6:12, 13, में किया गया है, NRSV के अनुवादकों ने इन शब्दों को उद्धरण चिन्हों में रखा कि "एक पुरुष के लिए यह अच्छा है कि वह एक स्त्री को न छूए।" अनुवाद के कार्य में व्याख्या के एक परिमाण की आवश्यकता पड़ती है, उनके मत के अनुसार पौलुस के द्वारा बोला गया यह वाक्यांश कुछ कुरिन्थ के विश्वासियों के द्वारा बोला गया एक नारा था। विवाद के एक ओर के लोग इस प्रकार के नारों कि "सब बातें मेरे लिए उचित तो हैं" (6:12) और "भोजन पेट के लिए और पेट भोजन के लिए" (6:13) के द्वारा अपनी अभिलाषाओं में लिप्त होने को उचित ठहराने का प्रयत्न कर रहे थे। और अन्य लोगों ने अपने ही नारे के द्वारा प्रतिक्रिया दी थी कि: **एक पुरुष के लिए यह अच्छा है कि वह स्त्री को न छूए।**[1] पहले दो नारे यौनाचार में संलिप्तता के समर्थन में थे; और तीसरा एक सन्यासी जीवन शैली की बुलाहट था। इसका सन्दर्भ यह संकेत करता है कि NRSV के अनुवादक इन कहावतों को उद्धरण चिन्हों में रखने के विषय में सही थे।

"एक स्त्री को छूना" प्रेरित के द्वारा शारीरिक सम्बन्धों के विषय में उपयोग की गई एक व्यंजना है। कलीसिया में भोग-विलास बनाम आत्म त्याग के ऊपर बहस स्पष्ट तौर पर गहरी हो चुकी थी, और इन मसीहियों ने पौलुस से इस मामले को सुलझाने की विनती की थी। कौन सही था? भोग-विलास का समर्थन करने वालों को पहले ही सम्बोधित करने के बाद, प्रेरित ने अपना ध्यान सन्यासियों की ओर मोड़ दिया। जैसा कि उसने पहले किया था (6:12, 13), पौलुस ने इस नारे के द्वारा वर्णन किए गए सत्य को स्वीकार किया, परन्तु उसने यह कहकर इसे रूपान्तरित किया कि इसने सम्पूर्ण सत्य का वर्णन नहीं किया था।

कलीसिया में तर्क नारों तक सीमित हो चुका था, परन्तु इन्हें आधारभूत बनाना तात्विक प्रश्न था: "क्या विवाह सराहनीय है, अथवा एक मसीही को अविवाहित रहना चाहिए?" इस प्रश्न को सम्भवतः व्यापक तौर पर कहा गया होगा: "क्या यौन संयम सदैव ही यौन भोग विलास की अपेक्षा उत्तम है?" पौलुस ने जैसी ही इस विषय पर बोलना आरम्भ किया तो वह हल्के तौर से इस पर गया, परन्तु अंत में उसने विवाह के मध्य में शारीरिक सम्बन्धों की अच्छाई को स्वीकार किया। उसने इस दावे का समर्थन करने से मना कर दिया कि प्रत्येक परिस्थिति में संयम रखना एक सद्गुण है। इसके बजाए, उसने लिखा, ... **हर एक पुरुष की पत्नी और हर एक स्त्री का एक पति हो** (7:2)।

इस वाक्यांश की कोई भी योग्यता क्यों न हो कि, "एक पुरुष के लिए यह

अच्छा है कि वह स्त्री को न छूए," पौलुस ने निस्संदेह इस बात की ओर संकेत किया: अनैतिकता इसलिए घटित हो रही थी क्योंकि भौतिक अभिलाषा बलशाली थी। उसने तर्क दिया कि, यदि वेश्याओं की संगति करने और एक पत्नी के साथ प्रतिबद्धता रखने में चुनाव करना हो तो (6:15), विवाह एक मसीही तरीका था। रिचर्ड बी. हेस ने 1 और 2 की संक्षिप्त व्याख्या की, और अपने अतिरिक्त बातों को इटैलिक्स में रखा:

> अब मैं उन विषयों के बारे में उत्तर दूँगा जिनके वेश में तुमने लिखा था। *तुमने सुझाव दिया था कि पवित्रता और शुद्धता की खातिर, विवाहित जोड़ों को शारीरिक सम्बन्धों से परहेज़ करना चाहिए।* जैसा की तुम कहते हो, "यह अच्छा है कि पुरुष स्त्री को न छूए।" परन्तु - चूंकि यह अवास्तविक है - प्रत्येक पुरुष अपनी ही पत्नी के साथ शारीरिक सम्बन्ध रखे, और प्रत्येक स्त्री अपने ही पति के साथ शारीरिक सम्बन्ध रखे।[2]

यह संक्षिप्त व्याख्या पौलुस की चेतावनी के अर्थ को पकड़ती है। प्रेरित ने सावधानी से दोनों प्रकार के लोगों के लिए सम्मान का प्रदर्शन किया जो भोग विलास को काबू में करने का प्रयत्न कर रहे थे और जिन्हें इस बात का निश्चय था कि एक विश्वासयोग्य विवाह की प्रतिबद्धता के मध्य एक यौन सम्बन्ध को परमेश्वर की आशीष प्राप्त है।

1 थिस्सलुनीकियों 4:1-8 में पौलुस की चेतावनियाँ वर्तमान वाक्यांश को समझने में उपयोगी हैं। वेन ए. मीक्स ने संकेत देकर कहा कि इन दोनों वाक्यांशों में जो सामान्य नियम है वह है, "*व्यभिचार* [परस्त्रीगमन] से बचे रहो," यह शब्द अभी प्रकार के अवैध शारीरिक सम्पर्क कड़े विषय में उपयोग किया गया है। उसने लिखा, "यह नियम दर्शाता है कि पौलुस के द्वारा बनाये गये मसीहियों में "*व्यभिचार* से बचे रहो" को एक विवाह के एक मानक या साधारण अर्थ के रूप में समझा जाता था।[3] ऍफ़. ऍफ़. ब्रूस का यह कहना सही था कि पौलुस बिना सोचे समझे तर्क (तर्कसंगत की बजाए भावनात्मक) दे रहा था। प्रेरित के शब्द का यह अर्थ नहीं है कि वह *"व्यभिचार से बचे* रहने के लिए इससे अधिक [विवाह] कोई और सर्वोच्च उद्देश्य नहीं देख सका।"[4] शारीरिक और वैवाहिक सम्बन्धों के विषय में पौलुस की चेतावनी का प्रारम्भिक बिंदु यह था कि उसके लोगों के लिए परमेश्वर की इच्छा में एक पुरुष और स्त्री के बीच में जीवन भर के लिए विवाह की प्रतिबद्धता है। एक विवाह में, पति और पत्नी प्रेम, सम्बन्ध और समर्थन का आनन्द लेते हैं (देखें इफि. 5:25)।

**आयत 3.** यदि पति और पत्नी के बीच प्रतिबद्धता में यौन अभिव्यक्ति मानवीय आवश्यकताओं की सबसे मूल बात नहीं है, तो यह महत्वपूर्ण है। पौलुस ने कहा कि पतियों और पत्नियों का यह आपसी कर्तव्य है कि वे अपने विवाह के साथी की सभी यौन आवश्यकताओं को पूरा करें। यौन कामों में परहेज़ करने का निर्णय केवल पति या पत्नी का अकेला नहीं होता। जब पौलुस ने लिखा, **पति अपनी पत्नी का हक्क पूरा करे; और वैसे ही पत्नी भी अपने पति का**, तो उसका

अर्थ यह था कि पतियों और पत्नियों को एक दूसरे के प्रति ध्यान रखने वाला होना चाहिए। वह यह सुझाव नहीं दे रहा था कि किसी की देह उसके साथी को केवल उसका कर्तव्य पूरा करने के लिए अर्पित की जानी चाहिए। वह इस बात को स्वीकार कर रहा था की एक पुरुष और स्त्री के बीच में यौन तृप्ति को एक विवाह के सम्बन्ध के अंतर्गत परमेश्वर के द्वारा आशीषित किया गया है।

**आयत 4.** पौलुस का यह कथन कि न तो पति और न ही पत्नी को अपनी देह पर पूर्ण अधिकार है प्रथम शताब्दी यूनानी-रोमी समाज में रहने वालों के लिए यह विचित्र था। उनके पुरुष-प्रधान अन्यजाति संस्कृति में, उन्होंने इसे स्वीकृति के दौर पर ले लिया होता कि पति को उसकी पत्नी की देह के ऊपर अधिकार है। पुरुषों के लिए यह स्वीकार करना कठिन रहा होगा कि पत्नी को भी अपने पति की देह के ऊपर अधिकार है।

प्रेरित की शिक्षा ने पतियों और पत्नियों को एक समान बना दिया: **पत्नी को अपनी देह पर अधिकार नहीं पर ... वैसे ही पति को भी अपनी देह पर अधिकार नहीं ...।** किसी व्यक्ति से विवाह करना उसके साथ एक हो जाना है। इसका अर्थ स्वयं का समर्पण करना और साथी को अपना भाग होने का दावा करना। एक विवाह में एक व्यक्ति अपनी देह के विशेष अधिकार समर्पित करता है। यौन अभिव्यक्ति परस्पर है; यह कोई देने के लिए या मना करने के लिए कोई उपकार नहीं है। पति और पत्नी दोनों की आवश्यकताओं और अभिलाषाओं का ध्यान रखना मौलिक है।

**आयत 5.** पौलुस ने अपने मन में इन विचारों के साथ, पौलुस ने मसीहियों के लिए एक निष्कपट निषेध प्रस्तुत किया: **तुम एक दूसरे से अलग न रहो।** एक निषेध सम्भवतः कम से कम दो प्रकार का हो सकता है। यह दूसरों को ये वह काम कभी आरम्भ न करने की आज्ञा दे सकता है जिसे निषेध किया गया है, या यह उन्हें वह कार्य बंद करने की आज्ञा दे सकता है जो वे करने की प्रक्रिया में हैं। यूनानी भाषा दो प्रकार के निषेधों में साफ तौर पर भेद करती है; जब अंग्रेज़ी ऐसा नहीं करती। पौलुस ने कुरिन्थियों को वह कार्य बंद करने के लिए कहा जो वे कर रहे थे (μὴ ἀποστερεῖτε, *मे अपोस्टेरिएटे*)। पति और पत्नियाँ चाहे किसी भी सीमा तक एक दूसरे को वैवाहिक अधिकारों से वंचित कर रहे थे, वे इसे मसीहियों के लिए एक अस्वीकार्य ढंग से कर रहे थे। मसीह ने विवाह के अंतर्गत घनिष्ठता पर कोई प्रतिबन्ध नहीं लगाया। यौन सम्बन्ध स्वाभाविक तौर पर बुराई या दुर्बल करने वाला नहीं है। यह एक उपहार है जिसे परमेश्वर ने पति और पत्नी के आपसी प्रेम को साझा करने और उनके वंश को आगे बढ़ाने के लिए दिया है।

सामान्य नियम के प्रति एक छूट प्रेरित के मन में आई। यदि केवल कुछ **समय तक आपस की सम्मति** से एक दम्पत्ति परस्पर तौर पर यौन सम्बन्धों से रुकना चाहते थे कि **प्रार्थना** के लिए (उन्हें) अवकाश मिले, तो वे यह कर सकते थे। पौलुस ने सम्भवतः इस छूट को इसलिए प्रस्तुत किया क्योंकि यह कुरिन्थ में कुछ विवाहित दम्पत्तियों का अभ्यास था। उसने इस प्रकार की सहमति में कोई हानि

नहीं पाई; वास्तव में, यह एक दम्पत्ति को परमेश्वर के और एक दूसरे के और निकट रूप से बांध देती।

पौलुस ने मसीही विवाह के किसी भी पक्ष को जानबूझकर दूसरे को यौन सम्पर्क से वंचित रखना निषेध कर दिया। कि जब दोनों पक्ष आपसी सम्मति से आत्मिक उन्नति की चाह रखें तो उसने निषेध को एक छूट के साथ रूपांतरित किया। उसने इस मामले को एक बार फिर से 7:2 के बिंदु का सन्दर्भ देते हुए समाप्त कर दिया। परमेश्वर ने अधिकांश पुरुषों और स्त्रियों में एक शक्तिशाली यौन भूख या लालसा को रखा है। कोई इसे तुच्छ बात न समझे। शैतान ने इस लालसा का उपयोग किया है, और वह आगे भी किसी न किसी प्रकार से धर्मी लोगों को सबसे आत्म-विनाशक किस्म के पाप की ओर लुभाने में इसका उपयोग करना जारी रखेगा। जब प्रार्थना का समय समाप्त होता है, तो **दोनों फिर एक साथ रहो**। ऐसा करने में विफल होने पर शत्रु, शैतान **तुम्हारे** [उनके] **असंयम** के कारण तुम्हें [उन्हें] **परखे**।

**आयत 6.** पौलुस ने समझाया कि, मैं जो यह कहता हूँ **वह अनुमति है न कि आज्ञा**। "यह" शब्द विवाह के विषय में चेतावनी का सन्दर्भ हो सकता है। इस विषय में, पौलुस ने जो "अनुमति" दी थी वह या तो विवाह करने की थी या नहीं करने की थी, यह "उसके अपने वरदान" पर आधारित था। अधिक सम्भावित तौर पर, "यह" मसीहियों के तुरंत पूर्ववर्ती मामले को संदर्भित करता है, ताकि वे स्वयं को एक दूसरे से अलग कर सकें ताकि वे स्वयं को प्रार्थना में समर्पित कर सकें। प्रेरित न तो इस आचरण की आज्ञा दे रहा था और न ही इसकी प्रशंसा कर रहा था।

प्रेरित स्वयं को स्पष्ट करना चाहता था। एक विवाह के साथी से यौन सम्बन्धों से परहेज़ पवित्रता का चिन्ह नहीं था, और न ही ये परमेश्वर को किसी की प्रशंसा और विनतियों को सुनने के लिए अनुकूल रूप से इच्छुक बनाता। विवाहित साथियों का आपसी सहमती से एक समय के लिए यौन सम्बन्धों से रुकना कड़े तौर पर एक व्यक्तिगत मामला था। पौलुस ने इस अभ्यास को "एक अनुमति, न कि आज्ञा के तौर पर" स्वीकार किया। यह आवश्यक तौर पर सत्य नहीं था कि परहेज़ करने से एक प्रार्थना और अधिक प्रभावशाली हो जाती थी। पौलुस के सभी वचनों में यह पर्याप्त रूप से स्पष्ट है कि विवाह, विवाह के घनिष्ठ सम्बन्धों सहित, जीवन का एक सम्मानपूर्ण और पवित्र तरीका है।

**आयत 7.** जब पौलुस ने लिखा कि, मैं यह चाहता हूँ कि जैसा **मैं हूँ, वैसे ही सब मनुष्य हों**; तो समझने योग्य अर्थ के अनुसार वह चाहता था कि सभी अविवाहित रह सकते। उसने वैवाहिक सम्बन्धों की पवित्रता का बचाव करने के बाद यह कथन क्यों कहा? सम्भवतः प्रेरित का अर्थ है कि वह चाहता था कि अधिकतर लोगों के लिए यौन लालसाएं अधिक शक्तिशाली न होती। इतना स्पष्ट है: पौलुस अपनी पहली बात से फिरा नहीं। उसने यह स्वीकार किया कि पारिवारिक जीवन के लिए हानिकारक शक्तियाँ विवाह की निष्ठा और मसीह के प्रति सच्चाई के सह-अस्तित्व के कठिन बना देगी। प्रेरित ने किसी के लिए यौन

रूप से परहेज करने की क्षमता की कमी पर अपनी छाया नहीं डाली, उसने कहा, **परन्तु हर एक को परमेश्वर की ओर से विशेष-विशेष वरदान मिले हैं; किसी को किसी प्रकार का, और किसी को किसी और प्रकार का।** परहेज़ ने उसे परमेश्वर के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन देने का अवसर दिया था, परन्तु जो उसके लिए व्यवहारिक था वह आवश्यक तौर पर सबके लिए व्यवहारिक नहीं था। अधिक सम्भावित रूप से, कुरिन्थ में मसीहियों के ऊपर बढ़ते दबाव ने पौलुस को यह सोचने के लिए प्रेरित किया कि उनका इन परिस्थितियों में विवाह करना अच्छा नहीं था (देखें 7:26)।

पौलुस की इस विषय पर उपसंहार शिक्षा में, दो बातों पर ज़ोर देने की आवश्यकता है। (1) परमेश्वर ने पुरुषों और स्त्रियों में यौन अभिलाषाएं रखी हैं। यह वंश की वृद्धि के लिए शक्तिशाली लालसा है, परन्तु यह एक साधन भी है जिसके द्वारा परमेश्वर ने महत्वपूर्ण भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं की संतुष्टि को सम्भव किया है। (2) न तो किसी अन्य व्यक्ति का यौन शोषण और न ही अपनी यौन अभिलाषाओं को पूरा करने के लिए दूसरे व्यक्ति की आवश्यकता पर घात लगाना एक मसीही के लिए स्वीकार्य है। देह, परमेश्वर के मन्दिर के रूप में (6:19; देखें 3:16), स्वयं को शुद्ध रखना है (देखें 1 थिस्स. 4:3)।

## "अविवाहितों," "विधवाओं" और "विवाहितों" के लिए सलाह (7:8-11)

कुरिन्थ की विचित्र परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, पौलुस ने एक सामान्य नियम के रूप में कहा कि अविवाहित रहना ही अच्छा है (देखें 7:27)। उसी समय, उसने लोगों के बीच सामाजिक, आत्मिक और मनोवैज्ञानिक अंतर को मान्यता दी (7:7)। उसने यह नहीं कहा कि विवाह पापमय था; एक विवाह के अंतर्गत यौन सम्बन्ध कोई पाप नहीं हैं। प्रेरित ने इस बात को बनाये रखा कि एक मसीही बनते समय व्यक्ति चाहे किसी भी स्थिति में रहा हो, उसका उसी स्थिति में रहना अच्छा था। उसने सामान्य नियम के विषय में 7:17-24 में और खुलकर बात की। चाहे विवाहित आया अविवाहित हो, एक मसीही के लिए उस स्थिति में बने रहना अच्छा था जिसमें उसे बुलाया गया था (7:24)। एक व्यक्ति की बाहरी स्थिति से अधिक महत्वपूर्ण उसका परमेश्वर से सम्बन्ध है। उद्धार, अनन्त जीवन की आशा, इस संसार की गतिविधियों में नए दृष्टिकोण लेकर आती है। व्यापक रेखा के भीतर, प्रेरित ने अपना ध्यान उन विशिष्ट निर्देशों की ओर लगाया जो एक अविवाहित पर लागू होते और दूसरे निर्देश एक विवाहित व्यक्ति पर लागू होते हैं।

**[9]परन्तु मैं अविवाहितों और विधवाओं के विषय में कहता हूँ कि उनके लिये ऐसा ही रहना अच्छा है, जैसा मैं हूँ। [9]परन्तु यदि वे संयम न कर सकें, तो विवाह**

**करें; क्योंकि विवाह करना कामातुर रहने से अच्छा है। [10]जिनका विवाह हो गया है, उनको मैं नहीं, वरन् प्रभु आज्ञा देता है कि पत्नी अपने पति से अलग न हो - [11]और यदि अलग भी हो जाए, तो बिन दूसरा विवाह किए रहे; या अपने पति से फिर मेल कर ले - और न पति अपनी पत्नी को छोड़े।**

**आयत 8.** पौलुस ने 7:25-31 में अविवाहित कुँवारों और 7:39, 40 में विधवाओं को सम्बोधित किया। उसने इस बिंदु पर **अविवाहितों** [τοῖς ἀγάμοις, *तोइसअगमोइस*] **और विधवाओं के लिए** निर्देश क्यों डाले? सम्भवतः उसने सोचा होगा कि कुरिन्थ के मसीही, आज के समान ही, कई कारणों से "अविवाहित" रहे होंगे। सम्भवतः कुछ अविवाहित लोग किशोर थे जिनका कभी विवाह नहीं हुआ था; परन्तु शायद दूसरों का तलाक हुआ हो, या उनके साथी मर चुके थे। कुरिन्थ में सभी अविवाहित लोग कुँवारे नहीं थे, परन्तु यह विश्वास करने का कोई और कारण नहीं है कि प्रेरित के मन में अविवाहितों, और जो लोग कुंवारे नहीं थे उनका कोई अलग समूह रहा होगा। क्या ये केवल संयोग था कि पौलुस ने अविवाहितों को उन्हीं चेतावनियों के द्वारा सम्बोधित किया जो उसने "विधवाओं" के लिए की थीं? चूंकि पौलुस ने बाद में कुंवारों और विधवाओं के लिए अलग-अलग निर्देश दिए, तो इस सन्दर्भ में अविवाहित और विधवाओं का विशिष्ट अर्थ ऐसे लोगों से है जिनके साथी मर चुके थे। "अविवाहित" सम्भवतः विधुरों का सन्दर्भ देता है। यदि ये बात है, तो यह समझना अत्यंत सरल है की पौलुस ने 7:7 के विचार को क्यों दोहराया। उसने अविवाहितों और विधवाओं को लिखा, ... **कि उनके लिये ऐसा ही रहना अच्छा है, जैसा मैं हूँ**, जो की अकेला (अविवाहित) रहना है।

**आयत 9.** जबकि इस समय अविवाहितों और विधवाओं का अविवाहित रहना उचित था, फिर भी उनका विवाह करना भी स्वीकार्य था। बहुत से मामलों में, संयम की कमी पाप में संलिप्त होने में योगदान देती है। **संयम** (ἐγκράτεια, *एंगकरातिया*) गलातियों 5:23 में बताए आत्मा के फल और 2 पतरस 1:6 में मसीही सद्गुणों की सूची में केवल दो सामान्य लक्षणों में से एक है।[5] एक संयम की कमी वाला अविवाहित व्यक्ति सम्भवतः विवाह के बाहर यौन अभिव्यक्ति की खोज में रहेगा, और यह निश्चित तौर पर पाप होगा।

यदि पौलुस उन्हीं पुरुष और स्त्रियों को सम्बोधित कर रहा था जिनके साथी मर चुके थे, कुछ पुरुषों ने वेश्याओं की संगति करके संयम की कमी का प्रमाण दिया होगा, जो कि अभिलाषा को संतुष्ट करने का अस्वीकृत तरीका है (देखें 6:15-20)। इसके बाद उसने कहा, **क्योंकि विवाह करना कामातुर रहने से अच्छा है।** NASB में ये "कामातुर" शब्द को इटैलिक्स में इसलिए डाला गया ताकि उस बात को कैद किया जा सके जिसे अनुवादक इस बात को समझने के लिए सबसे अच्छा समझते थे, परन्तु यहाँ पर एक और सम्भावना है। आग और जलना को पवित्रशास्त्र में न्याय के साथ भी जोड़ा जाता है (उदाहरण के लिए, देखें मत्ती 3:11, 12)। अभिलाषाएं विधवाओं और विधुरों को इस हद तक भस्म

कर सकती कि परमेश्वर से उनका अलगाव एक आग भरे न्याय के परिणाम के रूप में मिलता। पौलुस यह कह रहा था कि जो लोग यौन पाप कर रहे थे उन्हें कामातुर रहने से अच्छा विवाह कर लेना चाहिए था। इस सन्दर्भ में, प्रेरित की चिंता युवा लोगों अभिलाषाओं में जलने की नहीं थी बल्कि यह वयस्क लोगों के लिए थी जो अपना संयम खो सकते थे। यौन लालसाएं केवल युवा लोगों तक सीमित नहीं हैं।

**आयतें 10, 11.** पौलुस प्रभु के द्वारा प्रत्यक्ष तौर पर विधुरों और विधवाओं के पुनर्विवाह के विषय में कहे गये किसी कथन को नहीं जानता था, परन्तु प्रभु ने पतियों और पत्नियों को उनके विवाह की स्थिरता के लिए स्पष्ट निर्देश दिए थे। विवाहित लोग अपनी प्रतिबद्धता को त्याग नहीं सकते थे। **कि पत्नी अपने पति से अलग न हो, और न पति अपनी पत्नी को छोड़े।**

मसीहियों को ध्यानपूर्वक उस बात में भेद करना चाहिए जो पौलुस ने **प्रभु** से लेकर कही थी और जो उसने प्रभु के प्रेरित होने के रूप में कहीं थीं। आत्मा के मार्गदर्शन के द्वार, प्रेरित के वचन विश्वासियों के लिए अधिकारपूर्ण थे (देखें 7:40)। उसके लेखों में, ईश्वरीय घोषणा की कमी को कलीसिया के द्वारा अधिकार की कमी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

चूंकि प्रेरित ने बाद में कुछ ऐसे मामलों का भी सामना किया जिसमें विवाह में एक साथी ही मसीही था (7:12-16), यहाँ पर दुविधा ये थी कि 10 और 11 आयत में जिन विवाहित लोगों को वह सम्बोधित कर रहा था वे मसीही दम्पत्ति थे। इसमें दोनों में से कोई व्यक्ति भी अपने साथी को छोड़ नहीं सकता था (7:11)। तलाक कोई विकल्प नहीं था। जो कोई भी ये सोचता था कि तलाक उचित था तलाक कोई विकल्प नहीं था। जो कोई यह सोचता था कि तलाक अधिक उचित था क्योंकि कुंवारापन विवाहित स्थिति से अधिक पवित्र था तो वह गलत था। विवाह और विवाह का बिस्तर दोनों पवित्र हैं (देखें इब्रा. 13:4)।

इसे स्पष्ट रूप से कहने के बाद कि विवाह को बचाए रखना है, प्रेरित ने यह भी स्वीकार किया कि लोग जब विवाह करते हैं तो वे कभी-कभी गलती भी करते हैं। असाधारण परिस्थितियों में प्रेरित ने स्वीकार किया, कि अलग हो जाना उचित था; परन्तु उसने यह स्पष्ट किया कि पुनर्विवाह कोई विकल्प नहीं था: **(और यदि अलग भी हो जाए, तो बिन दूसरा विवाह किए रहे; या अपने पति से फिर मेल कर ले)।** एक पत्नी जो अपने पति को छोड़ चुकी थी उसे अविवाहित रहना था या फिर से उसके साथ मेल कर लेना था। प्रेरित ने इस नियम को कोई छूट नहीं दी। जो बात पति पर लागू होती थी वही पत्नी पर भी लागू होती थी। उसने दोनों को एक समान परिभाषाओं से सम्बोधित किया।

## विश्वासी का अविश्वासी से विवाह पर सलाह (7:12-16)

यूनानी संसार के पुरुष-प्रधान समाज में, परिवार के पिता का धर्म आम तौर पर परिवार की पत्नी, बच्चों और दासों में हर किसी का धर्म हुआ करता था।

कुरनेलियुस (देखें प्रेरितों 10:24, 48) और फिलिप्पी के बन्दीगृह का सरदार (प्रेरितों 16:33) अपने पूरे घराने सहित प्रभु में विश्वास लाते हैं। सामान्य यूनानी धर्म की सीमाओं में, जब कोई व्यक्ति या परिवार किसी नए ईश्वर को अपनाया करता तो यह एक छोटी सी बात होती थी, क्योंकि पौलुस ने बाद में इस पत्री में कहा था, "... जैसा कि बहुत से ईश्वर और बहुत से प्रभु [थे]" (8:5)। जब तक सब लोग एक ही प्रकार के धर्म का अभ्यास नहीं करते थे,इस प्रकार की परम्परा में, पति और पत्नी अलग-अलग ईश्वरों को अधिक चर्चा के बिना पसंद कर सकते थे। यूनानी-रोमी धर्मों में, किसी भी ईश्वर को दूसरों के बहिष्कार करने की आवश्यकता नहीं थी।

जब मसीही धर्म परिदृश्य में आया, तो इसका भयंकर विरोध उत्पन्न होने लगा, जिसका एक कारण यह दावा करना था कि यीशु मसीह के पिता के अलावा कोई अन्य ईश्वर नहीं है। यदि कोई यीशु मसीह की सेवा करता है, तो वह अन्य सभी ईश्वरों के बहिष्कार के लिये था। मसीहियों को उन बाज़ारों के मन्दिरों में जाना वर्जित कर दिया गया, जहाँ वे पहले आराधना करते थे। उन्होंने ईश्वरों को समर्पित त्योहारों को त्याग दिया जिसमें समुदाय की भागीदारी अनिवार्य हुआ करती थी। मसीहियों के लिये, मूर्तिपूजक मन्दिरों के ईश्वर लोकप्रिय कल्पना के लज्जाजनक काल्पनिक कथन थे। इन सभी कारणों से, जब किसी विवाह में केवल एक साथी ही मसीही होता था, तो पति और पत्नी के बीच तनाव की सम्भावना उन पति, पत्नियों की तुलना में जो एक ही धर्म के होते थे, अधिक होती थी। मसीह के द्वारा परमेश्वर की ओर मुड़ने का अर्थ एक अन्य ईश्वर को ग्रहण करना नहीं था।

अविवाहित निश्चित रूप से "केवल प्रभु में" विवाह करने की पौलुस की सलाह का पालन कर सकता है (7:39); परन्तु कभी-कभी विवाह में एक अन्य-जाति व्यक्ति या पति या पत्नी मसीही बन जाता था, वहीं दूसरा मसीह में विश्वास लाने से इंकार कर देता था। इसपर प्रश्न उठाए गए। जब कोई व्यक्ति विश्वासी बन चुका हो, परन्तु पति या पत्नी एक अन्यजाति बने रहे, तो क्या विश्वासी को समस्या से बचने के लिये अविश्वासी पति या पत्नी को छोड़ देना उचित था? क्या एक मूर्तिपूजक के साथ घनिष्ठ सम्बन्धों द्वारा एक मसीही की पवित्रता भ्रष्ट हो जाती थी? इन प्रश्नों को स्पष्ट रूप से पौलुस की पत्री में रखा गया था या नहीं, महत्व इस बात का नहीं है। जिस सामाजिक स्थिति में कुरिन्थियों के मसीही रहते थे, पौलुस को उनसे निपटना ज़रूरी था।

**[12]दूसरों से प्रभु नहीं परन्तु मैं ही कहता हूँ, यदि किसी भाई की पत्नी विश्वास न रखती हो और उसके साथ रहने से प्रसन्न हो, तो वह उसे न छोड़े। [13]जिस स्त्री का पति विश्वास न रखता हो, और उसके साथ रहने से प्रसन्न हो; वह पति को न छोड़े। [14]क्योंकि ऐसा पति जो विश्वास न रखता हो, वह पत्नी के कारण पवित्र ठहरता है; और ऐसी पत्नी जो विश्वास नहीं रखती, पति के कारण पवित्र ठहरती है; नहीं तो तुम्हारे बाल-बच्चे अशुद्ध होते, परन्तु अब तो पवित्र**

**हैं। [15]परन्तु जो पुरुष विश्वास नहीं रखता, यदि वह अलग हो तो अलग होने दो, ऐसी दशा में कोई भाई या बहिन बन्धन में नहीं। परमेश्वर ने हमें मेलमिलाप के लिये बुलाया है। [16]क्योंकि हे स्त्री, तू क्या जानती है कि तू अपने पति का उद्धार करा लेगी? और हे पुरुष, तू क्या जानता है कि तू अपनी पत्नी का उद्धार करा लेगा?**

**आयत 12.** इस मामले के विपरीत, जिसमें विवाह के दोनों साथी मसीही थे, मसीह की शिक्षाओं में अविश्वासी से विवाह की स्थिति में एक मसीही की ज़िम्मेदारी को सीधे तौर पर सम्बोधित नहीं किया गया था। परन्तु, आत्मा की सिखाई हुई बातों में (2:13), पौलुस ने उस स्थिति में प्रभु के संदेश का विस्तार करने में संकोच नहीं किया। परमेश्वर का स्वयं का प्रकाशन प्रेरित के शब्दों में छिपा होता है, जिस प्रकार यीशु के शब्दों में होता है।

प्रेरित ने पहले से ही मसीहियों के बीच विवाहों पर चर्चा की थी (7:10, 11)। इसके अलावा, उसने "अविवाहित और विधवाओं" को सलाह दी थी (7:8, 9)। **दूसरे लोग** वे थे जो अविश्वासियों से विवाह कर रहे थे। सम्भवतः, प्रेरितों के निर्देश उन मसीहियों के लिये भी लागू होते हैं जो यहूदियों से विवाह कर रहे थे।

प्रेरित के पहले शब्द विश्वासियों के लिये थे जिनका विवाह अविश्वासियों के साथ हुआ था, 7:10, 11 में कहे गए उसके वचन को दृढ़ किया गया: पत्नी अपने पति से अलग न हो ("[उसे] न छोड़े"; 7:13) और पति को अपनी पत्नी को तलाक नहीं देना चाहिए। इसलिये, पौलुस जान चुका था कि विवाह को बनाए रखने के लिये दोनों पक्षों की सहमति की आवश्यकता है। पौलुस के समय में, आज की सरकारों की तुलना में उनकी सरकार विवाह और तलाक सम्बन्धी बातों में बहुत ही कम शामिल हुआ करती थी। डेविड इ. गारलैंड ने कहा, "विवाह का अन्त हो जाता है, जब विवाह करने की सहमति पारस्परिक समझौते से त्याग दी जाती है या जब एकतरफ़ा विवाह को अस्वीकार कर दिया जाए, यह एक पति/पत्नी के लिये पर्याप्त था ताकि संघ को समाप्त करने के उद्देश्य से घर छोड़ सकें।"[6]

**आयत 13.** पौलुस ने विश्वासी पति को जिसने एक अविश्वासी पत्नी से विवाह कर लिया था, सलाह दी थी, जो विपरीत स्थिति में समान रूप से लागू हुई थी। विश्वासी पति या पत्नी को वैवाहिक रिश्ते में बने रहना था, जब कोई एक साथी अविश्वासी होता था। पौलुस ने इसे नकारात्मक कहा, यह कह कर कि जिस पति की पत्नी विश्वास न रखती हो (μὴ ἀφιέτω, *मे अफिएतो;* 7:12) **तो वह उसे न छोड़े।** जिस स्त्री का पति विश्वास न रखता हो, **तो वह पति को न छोड़े** (μὴ ἀφιέτω, *मे अफिएतो*)। दोनों वाक्यांश यूनानी शब्द का एक ही अनुवाद करते हैं।

**आयत 14.** पौलुस ने कहा कि विवाह में एक अविश्वासी पति या पत्नी को विश्वास के **द्वारा पवित्र ठहराया** गया था। यह एक सकारात्मक टिप्पणी हो सकती है, परन्तु संदर्भ से पता चलता है कि यह एक काल्पनिक स्थिति नहीं थी।

प्रेरित ने कुरिन्थियों को बताया था कि मसीही की देह "पवित्र आत्मा का मन्दिर" है (6:19)। उसने वेश्याओं के साथ संगति करने से मना किया था, क्योंकि अन्य बातों के अलावा, संगति रखनेवाला "उसके साथ एक तन" हो जाता है (6:16)। जब एक मसीही एक अविश्वासी साथी के साथ यौन सम्बन्ध रखता था, तो क्या उसने अविश्वासी के साथ एक तन होकर प्रभु को अप्रसन्न किया? क्या विश्वासी पति या पत्नी के लिये यह बेहतर नहीं होगा कि वह अविश्वासी साथी को छोड़ दे, या कम से कम यौन सम्बन्ध को त्याग दे? पौलुस ने उत्तर दिया, "नहीं।" वैवाहिक जीवन को बनाए रखना आवश्यक था। यीशु द्वारा कहे गए वचन के साथ "इसलिये जिसे परमेश्वर ने जोड़ा है, उसे मनुष्य अलग न करे" (मत्ती 19:6), प्रेरित ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया था "पुरुष ... अपनी पत्नी से मिला रहेगा" (उत्पत्ति 2:24)। जहाँ तक यह विश्वासी द्वारा चुना गया एक विकल्प था, पति या पत्नी विश्वासी हो या न हो परन्तु विवाह का बन्धन हमेशा मज़बूत बंधा रहे।

प्रेरित ने कहा कि विश्वासी और अविश्वासी पत्नी के बीच घनिष्ठता परमेश्वर के साथ साझेदारी के रिश्ते के द्वारा "पवित्र किया" गया था (ἡγίασται, *हेगिअसताई*)। एक व्यक्ति, वस्तु या व्यवहार को "पवित्र किया" जाता है (ἁγιάζω, *हागिआज़ो* से) जब यह परमेश्वर को भावता और उसकी सेवा के लिये उपयुक्त हो। "यह पवित्र किया गया है" को कहने का एक और तरीका है, "यह पवित्र है।" जब पौलुस ने कहा था कि अविश्वासी व्यक्ति को विश्वासी व्यक्ति के द्वारा पवित्र किया गया था, तो उसने पुष्टि की कि विश्वासी साथी के कारण विश्वासी और अविश्वासी पति और पत्नी के बीच के रिश्ते को परमेश्वर आशीष देता है और स्वीकार करता है।

क्या होगा यदि पति और पत्नी दोनों मसीही न हों तो? क्या दोनों अविश्वासी पति और पत्नी का यौन सम्बन्ध, परमेश्वर द्वारा स्वीकृत किया जाता है? पौलुस के लिये शायद ये प्रश्न अकादमिक रुचि के ही थे। मसीह के बिना, विवाहित और अविवाहित लोग पाप में गिर गए थे। इस गिरावट ने अन्य विचारों को पूरी तरह से ढक लिया, जिसने अनिवार्य रूप से दो अविश्वासियों के बीच विवाह की पवित्रता या पवित्रता की कमी पर कोई चिन्ता नहीं जताई। अनन्त जीवन की कोई आशा न होने के साथ, जब कोई पाप के दलदल में फँस जाता था, परमेश्वर से अलग हो जाता था, तब वैवाहिक अंतरंगता थोड़ा मायने रखता था। केवल जब एक या दोनों पति, पत्नी के मसीही होने से मायने रखता था, चाहे वैवाहिक बन्धन परमेश्वर द्वारा पवित्र किया गया या नहीं। क्योंकि वह बचाया गया था या बचाई गई थी, विश्वासी के यौन अंतरंगता के कारण वैवाहिक रिश्ते में पवित्र किया गया था।

पौलुस ने अपनी तर्कों की ओर एक और कदम आगे बढ़ाया। क्योंकि वैवाहिक रिश्ते में यौन अंतरंगता को पवित्र किया गया है, जब पति पत्नी में कम से कम एक व्यक्ति विश्वासी हो, तो अंतरंगता से जन्में बच्चे पवित्र किए जाते हैं। इस बिंदु पर ज़ोर देने के लिये, प्रेरित ने पवित्र किए गए एका से जन्में बच्चों को अविश्वासी

माता-पिता से जन्में बच्चों के विपरीत बताया है। यदि परमेश्वर ने वैवाहित विश्वासी और अविश्वासी के बीच यौन अंतरंग को पवित्र नहीं किया होता, तो उनके **बच्चे**, अविश्वासियों के बच्चों के समान **अशुद्ध** कहलाते। क्यों पौलुस ने इस सम्भावना के लिये अनुमति दी थी कि बच्चा अशुद्ध हो सकता है? हम किसी भी सिद्धान्त को अस्वीकार कर सकते हैं जो दावा करता है कि कोई बच्चा पाप में पैदा होता है और परमेश्वर द्वारा दोषी ठहराया जाता है। कई वर्ष पहले पौलुस, यहेजकेल ने उस विषय पर बात की थी। भविष्यद्वक्ता ने कहा था "जो प्राणी पाप करे वही मरेगा।" "न तो पुत्र पिता के अधर्म का भार उठाएगा" (यहेज. 18:20)। न तो यहेजकेल ने और न ही पौलुस ने माता-पिता से बच्चे तक व्यक्तिगत अपराध के स्थानान्तरण की स्वीकृति दी थी।

एन्थोनी सी. थिसेल्टन ने सुझाव दिया कि बच्चों को पवित्र माना जाता है उस पवित्र जीवन के कारण जो विश्वासी माता या पिता जिस रीति से चालचलन रखते हैं, और जब पति या पत्नी में कम से कम कोई एक मसीही होता है। मसीही, अविश्वासी साथी और बच्चों दोनों के लिये ईश्वरीय जीवन की एक शक्ति होता है।[7] जब माता-पिता दोनों मसीही नहीं होते हैं, तो बच्चा इस बात से अपवित्र होता है कि उसे शिक्षा, मार्गदर्शन और प्रभाव से लाभ नहीं मिलता है जो एक मसीही दे सकता है। इन आयतों में पौलुस की चिन्ता उन बच्चों को लेकर नहीं थी जो अविश्वासी माता-पिता से जन्म लेते हैं। बल्कि, उसने सकारात्मक तर्क दिया कि जब वैवाहिक जीवन में कम से कम एक साथी मसीही हो तो, न तो अंतरंगता और न ही बच्चों का विचार अपवित्रता से दूषित माना जाता है।

**आयत 15.** पौलुस ने जाना कि वैवाहिक जीवन में मसीही साथी गैर-मसीही को नियन्त्रित नहीं कर सकता; अर्थात् वह अविश्वासी व्यक्ति को वैवाहिक रिश्ते में बने रहने के लिये मजबूर नहीं कर सकता। परमेश्वर इच्छा रखता है कि विवाह आजीवन काल का वाचा ठहरे; फिर भी, पौलुस ने लिखा, **परन्तु जो पुरुष विश्वास नहीं रखता, यदि वह अलग हो तो अलग होने दो।** यदि विश्वास न रखनेवाला साथी अलग होने का विकल्प चुनता है तो मसीही को कोई पछतावा नहीं होना चाहिए। प्रेरित ने कहा कि जो अलग हो चुका है वह वैवाहिक जीवन को बनाए रखने के लिये **बन्धन के अधीन में नहीं है।** पौलुस के शब्द यह सुझाव देते हैं कि विश्वास रखनेवाला पति या पत्नी अलग होने से पहले "बन्धन के अधीन में" था, परन्तु बन्धन के अधीन वैवाहिक सम्बन्ध में विश्वास रखने वाला क्या है या किसके लिये है? क्या विवाह का बन्धन समान होता है? एक दायित्व की भावना को एक कमज़ोर आधार माना जाता है जिस पर किसी विवाह को सुरक्षित किया जा सकता है, परन्तु शायद पौलुस के मन में विवाह के साथी के लिये बन्धन नहीं था।

जब पौलुस ने कहा कि एक विश्वास रखनेवाला अपने विश्वास न रखनेवाले साथी से अलग हो जाने पर बन्धन में नहीं है, तो उसने विवाह के सामाजिक (व्यक्तिगत नहीं) पहलुओं को ध्यान में रखा था। अलग हुए मसीही पत्नी या पति सामाजिक अपेक्षा के लिये नहीं आयोजित की जाती है कि उसे विवाह को बनाए

रखने के लिये सब कुछ अपनी अधिकार के भीतर करना चाहिए। यदि कुरिन्थियों को पौलुस के वचन को सुदृढ़ करने के लिये और प्रमाणों की आवश्यकता है, तो उन्हें यह विचार करना होगा कि **परमेश्वर ने हमें मेलमिलाप के लिये बुलाया है**। एक अविश्वासी साथी को प्रसन्न करने के लिये अपनी ऊर्जा को समर्पित करना जो एक मसीही जीवन साथी के साथ रहने से इनकार कर चुका हो, मेलमिलाप का रास्ता नहीं था।

कुछ लोगों ने इस भाग का अर्थ यह दर्शाया है कि अलग हुआ मसीही फिर से विवाह करने के लिये स्वतन्त्र है। अलगाव को कभी-कभी "पौलुस का विशेषाधिकार" कहा जाता है, परन्तु पौलुस के शब्दों में कुछ भी ऐसा देख पाना मुश्किल है जो पुनर्विवाह के विषय से सम्बन्धित है। अलग होने के बाद प्रेरित ने शायद ही पुनर्विवाह को एक विशेषाधिकार के रूप में सोचा होगा। उसने पहले से ही निर्णय दिया था कि "पत्नी अपने पति से अलग न हो" (7:10) और "न पति अपनी पत्नी को छोड़े" (7:11)। जिसने अपने साथी को छोड़ दिया हो या उससे अलग हो गया हो "तो बिन दूसरा विवाह किए रहे; या अपने पति से फिर मेल कर ले" (7:11)। यदि विवाह को बचाये रखने की कीमत प्रभु के प्रति विश्वासयोग्यता का त्याग करना था, तो अलग हुए मसीही की अविश्वासी पति या पत्नी के साथ सम्बन्ध बनाए रखने की कोई ज़िम्मेदारी नहीं थी। किसी के विश्वास को त्याग करने का कोई अच्छा कारण नहीं दिया जा सकता है। "पौलुस आयत 15 में केवल यह कह रहा है कि अलग होने पर मसीह का निषेध करना विश्वास रखनेवाले को विश्वास न रखनेवाले पति या पत्नी के साथ विवाह को बनाए रखने के लिये मजबूर नहीं करता है जो विवाह को समाप्त करने पर ज़ोर देता है।"[8] विवाह को जारी रखने का दायित्व विश्वासी की स्वतन्त्रता का पुनर्विवाह के लिये कोई प्रभाव नहीं लाता है।

**आयत 16.** क्योंकि विवाह के बारे में उसका एक उच्च दृष्टिकोण था - व्यक्तिगत और समुदाय दोनों के लिये लाभों की एक सकारात्मक समझ - पौलुस ने उन विश्वासियों से आग्रह किया जिन्होंने अविश्वासियों के साथ विवाह किया था कि वे इसी रीति से अपने वैवाहिक जीवन को बनाए रखें। इसलिये, उसने उन्हें उनके वैवाहिक जीवन को बनाए रखने के लिये प्रोत्साहित किया। परन्तु, उसने विश्वासी को वैवाहिक जीवन को बनाए रखने के लिये एक और कारण दिया। अविश्वासी के साथ विवाह करने से सुसमाचार को बाँटने का एक अवसर मिल जाता है। विश्वासी के उदाहरण और शिक्षा के द्वारा, एक अविश्वासी मसीह को जान सकता है। **तुम कैसे जानते हो**, प्रेरित ने पूछा, "क्या एक मसीही पति या पत्नी एक अविश्वासी पति या पत्नी को बचाए जाने के लिये अगुवाई कर सकता है?"

कुछ लोगों का मानना है कि पौलुस 7:15 में केवल ऐसी स्थिति की बात कर रहा था जिसमें मसीह के विरोध में अविश्वासी साथी कठोर हो गए थे। क्योंकि विश्वास रखने वाले को ऐसे अविश्वासी साथी की मसीह में अगुवाई करने की थोड़ी ही सम्भावना थी, इस पर विवाद किया गया कि प्रेरित ने सलाह दी कि

विश्वासी अपने जीवन साथी को जाने दे और विवाह को बनाए रखने के लिये कोई प्रयास न करे। यह व्याख्या विफल हो जाती है, क्योंकि पौलुस ने विपरीत सलाह दी थी, और विवाह करने में विश्वास रखने वाले साथी से आग्रह किया था कि इसी रीति से अपने वैवाहिक जीवन को बनाए रखे।

यह महत्वपूर्ण हो सकता है कि पौलुस इससे पहले कि वह पतियों को अपनी पत्नियों को परिवर्तित करने के लिये कहता, पत्नियों के बारे में कहा, अपने पतियों को मसीह में जीत सकती हैं। तो क्या कुरिन्थ की कलीसिया में पुरुषों की तुलना में स्त्रियों की संख्या अधिक थी?[9] जब पतरस ने कहा कि जीवन साथी अपने साथी की अगुवाई मसीह में कर सकता है, तो उसने विशेष रूप से स्त्रियों को सम्बोधित किया: "हे पत्नियो, तुम भी अपने पति के अधीन रहो, इसलिये कि यदि इन में से कोई ऐसे हों जो वचन को न मानते हों, तौभी तुम्हारे भय सहित पवित्र चालचलन को देखकर बिना वचन के अपनी-अपनी पत्नी के चालचलन के द्वारा खिंच जाएँ" (1 पतरस 3:1, 2)। चाहे कोई कुछ भी स्पष्टीकरण दे, यह सच है कि आजकल कलीसियाओं की सदस्यता में स्त्रियों की संख्या अधिकाई से पाई जाती है।

## "परमेश्वर ने हर एक को बुलाया है" (7:17-24)

पौलुस समय के अन्त के बारे में विचार कर रहा था, वह समय जब सभी लोग परमेश्वर के सामने खड़े होंगे और उनका न्याय किया जाएगा। विश्वास द्वारा जीने का प्रयास, मिलने का दिन, और अनन्त जीवन की आशा, मसीही निर्णय लेने और आदतों को नियन्त्रित किया जाना था। इसलिये, प्रेरित ने सामाजिक रिश्तों के साथ असाधारण चिन्ता का निर्णय शारीरिक अभिलाषाओं के बदलाव के लिये किया। विवाह एक महत्वपूर्ण सामाजिक रिश्ता है, परन्तु अनन्तता के दायरे में यह महत्वहीन है। कुरिन्थियों के मसीहियों ने परमेश्वर के साथ अपने रिश्ते के लिये वैवाहिक स्थिति को बहुत निकट से जोड़े रखा। मसीह को ग्रहण करने और उसकी आज्ञा पालन करने के लिये विवाह या अन्य सामाजिक रिश्तों की पूर्ण परिवर्तन की आवश्यकता नहीं थी। सांसारिक लगाव उन लोगों को नया अर्थ प्रदान करता है जो प्रभु की वापसी पर ध्यान केन्द्रित करते थे। अन्त समय को ध्यान में रखते हुए, वे उतने महत्वपूर्ण नहीं हैं जितना पहले उनके बारे में सोचा गया था। इसलिये, प्रेरित ने उन लोगों को सलाह दी, जिनका विवाह हो चुका था जब मसीह ने वैवाहिक जीवन में बने रहने लिये कहा था। जो लोग पति या पत्नी के बिना थे उन्हें अविवाहित रहने की सलाह दी गई थी। प्रेरित ने अनिवार्य रूप से कहा, "तुम ऐसे ही बने रहो" क्योंकि "समय कम किया गया है" (7:29)।

उन्हें समझाने और दृढ़ करने के लिये जो उसने वैवाहिक सम्बन्धों के बारे में उनसे कहा था, पौलुस ने अन्य सामाजिक विषयों पर ध्यान दिया। किसी को यहूदी या अन्यजाति, खतना किया हुआ या खतनारहित के रूप में बुलाना हो

सकता है। जातीय पहचान मसीही के लिये कोई महत्व नहीं रखती थी! देह में निशानों द्वारा चिह्नित पुरानी धार्मिक निष्ठाएँ अब अर्थहीन थे। एक पापी या दास या स्वतन्त्र व्यक्ति ने मसीह को पहिन लिया है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी-अपनी सामाजिक स्थिति और उन कठिनाइयों को स्वीकार करना था जो इसमें उपस्थित थे। प्रभु शीघ्र वापस आनेवाला है, वचन यही कहता है। तब वह प्रत्येक को उनके कर्मों के अनुसार इनाम देगा (2 कुरि. 5:10)। इसलिये पौलुस ने लिखा,

**[17]जैसा प्रभु ने हर एक को बाँटा है, और जैसा परमेश्वर ने हर एक को बुलाया है, वैसा ही वह चले। मैं सब कलीसियाओं में ऐसा ही ठहराता हूँ। [18]जो खतना किया हुआ बुलाया गया हो, वह खतनारहित न बने। जो खतनारहित बुलाया गया हो, वह खतना न कराए। [19]न खतना कुछ है और न खतनारहित, परन्तु परमेश्वर की आज्ञाओं को मानना ही सब कुछ है। [20]हर एक जन जिस दशा में बुलाया गया हो, उसी में रहे। [21]यदि तू दास की दशा में बुलाया गया हो तो चिन्ता न कर; परन्तु यदि तू स्वतंत्र हो सके, तो ऐसा ही काम कर। [22]क्योंकि जो दास की दशा में प्रभु में बुलाया गया है, वह प्रभु का स्वतंत्र किया हुआ है। वैसे ही जो स्वतंत्रता की दशा में बुलाया गया है, वह मसीह का दास है। [23]तुम दाम देकर मोल लिए गए हो; मनुष्यों के दास न बनो। [24]हे भाइयो, जो कोई जिस दशा में बुलाया गया हो, वह उसी में परमेश्वर के साथ रहे।**

**आयत 17.** प्रेरितों ने विस्तारित विवरण दिया और स्पष्ट किया कि उसने इन दोनों पहलुओं की पहचान करते हुए पतियों और पत्नियों से क्या कहा था जो मसीहियों के मार्गदर्शन करने के लिये थे। सबसे पहले, विश्वास रखनेवाले को सामाजिक सम्बन्धों के साथ सम्मिलित होना था, जैसा उसके परिवर्तन के समय **प्रभु ने हर एक को बाँटा** [था]। दूसरा, मसीही यह समझना चाहते थे कि पूर्ण ज्ञान के साथ **परमेश्वर ने हर एक को बुलाया** [था] कि जिसका पूर्व-रूपान्तरित जीवन सामाजिक प्रतिबद्धताओं में शामिल था। यहाँ यह संदेश है कि मसीह की प्रभुत्व में समर्पित होना सामाजिक क्रम में किसी जगह को भंग नहीं करता है। पौलुस मसीहियों को अनावश्यक संघर्ष से बचने में सहायता करने का प्रयत्न कर रहा था। वह उनसे यह जानना चाहता था कि मसीह को गले लगाने के लिये पापी जीवन शैली का बदलना ज़रूरी था, परन्तु किसी की सम्पूर्ण जीवनशैली का बदलना नहीं था। विवाह एक उदाहरण था कि कैसे एक व्यक्ति को उस स्थिति में रहने की आशा थी जिसमें हर एक जन जिस दशा में बुलाया गया हो, उसी में रहे (7:20)।

निःसंदेह, किसी की पिछली दशा में रहने का निर्देश स्वयं सुधार की आवश्यकता को रद्द नहीं करता; परन्तु पौलुस को भाइयों को यह बताना है कि परमेश्वर उन्हें केवल उन मामलों में उत्तरदायी ठहराएगा जिन्हें वे नियन्त्रित कर सकते थे। उसने अपने लोगों को अनुचित और विपरीत परिस्थितियों से निपटने के लिये वह दिया है जो उनके लिए आवश्यक है? वह समृद्ध और गरीब, शक्तिशाली और असहाय दोनों को आश्वस्त करता है, कि उसकी दृष्टि में उनका

मूल्य अतुलनीय है। वह लोगों को उस बात के लिये जवाबदेह बनाता है जो वे कर सकते हैं, इसलिये नहीं कि वे किसी बदलाव के लिये शक्तिहीन है (देखें 2 कुरि. 8:12)।

यदि कुरिन्थियों के कुछ **मसीह कलीसिया को चलाने** के लिये प्रेरित के नियम बनाने पर संवेदनशील थे, या शायद प्रतिरोध करते थे या तो टिप्पणी, और इसलिये मैं सब कलीसियाओं में ऐसा ही ठहराता हूँ समझने योग्य है। पौलुस ने बताया कि उसके निर्देश विशेष रूप से उनके लिये तैयार नहीं किए गए थे। एक मसीही के रूप में जीवन बिताना, चाहे कुरिन्थ में हो या कहीं और, चुनौतीपूर्ण था। परमेश्वर जिसकी वे सेवा करते थे, वह संसार में व्याप्त बुराई के बारे में अच्छी रीति से जानता था। वह जानता था कि उस युग के कुछ मसीही अपने आप को जटिल विवाह की व्यवस्था में मिलाया करते थे, जबकि अन्य शारीरिक रूप से दास थे। जैसा कि उनके सामाजिक दायित्वों के रूप में असहनीय हो सकता है, वे अब भी ऐसे मसीही हैं जिन्होंने आने वाले बेहतर संसार में पापों की क्षमा और परमेश्वर के साथ जीवन की आशा की थी।

**आयत 18.** मसीह की मृत्यु के बाद के शुरू के दशकों के दौरान, बहुत सारे यहूदी मसीही व्यवस्था के लिये उत्साही बने रहे। उनमें से अनेकों का मानना था कि मसीही बनने से पहले अन्यजातियों को व्यवस्था को ग्रहण करना था (देखें प्रेरितों 21:20)। अन्यजातियों विश्वासी लोगों की माँगों के कारण पौलुस गलातियों को लिखने के लिये प्रेरित हुए थे। वह इस विषय के बारे में बहुत तत्पर था, परन्तु गलतियों 5 या फिलिप्पियों 3 में व्यक्त किए गए दृढ़ता के कार्यों में से किसी भी बात ने पौलुस को नहीं उभारा जब 1 कुरिन्थियों 7:18, 19 में उसने खतना के बारे में बात की। ऐसा लगता है कि ऐसा कोई विवाद कुरिन्थियों की कलीसिया में जड़ नहीं पकड़ पाया था कम से कम अभी तक तो नहीं।[10] तो, पौलुस ने इस विषय को क्यों उठाया? किस रीति से खतना या खतनारहित पौलुस के विवाद का समर्थन करते हैं कि विवाहित और अविवाहित उसी दशा में बने रहें जिसमें उन्हें बुलाया गया था (7:12-17)?

एक सार्वभौमिक कलीसिया के लिये प्रेरित का संघर्ष, जिसमें यहूदी और अन्यजाति दोनों शामिल थे, हमेशा उसके मन में रहते थे। उसके और यहूदी मसीहियों के बीच तनाव जो कि अन्यजातियों की खतना की माँग करते थे, उससे कभी दूर नहीं था। खतना एक ऐसा मामला था जिसका ध्यान देने योग्य भावनात्मक और सांस्कृतिक प्रभाव था; फिर भी, पौलुस के दृष्टिकोण से, यह परमेश्वर के साथ किसी के सम्बन्ध को परिभाषित करने में कोई महत्व नहीं रखता था। खतना के लिये मसीही उदासीनता उस कड़ी से जुड़ी थी जो इसे वैवाहिक दशा से जोड़ता था। चाहे कोई मसीही बन गया हो या विवाहित या अविवाहित हो, खतना किया हुआ या खतनारहित हो, परिवर्तन अनावश्यक था। यहूदी परिवर्तन करने के लिये **खतनारहित न बने**; अन्यजाति वह **खतना न कराए।** इसी प्रकार, एक विवाह परिवर्तन करना विवाह भंग करना नहीं था; न ही अविवाहित मसीही को विवाह करने की खोज।

कुछ हद तक यह समझ में आता है कि एक अन्यजाति मसीही खतना करने का फैसला कर सकता है, परन्तु पौलुस का क्या अर्थ था जब उसने कहा था कि यहूदी मसीही को "खतनारहित बनना" नहीं चाहिए? क्यों और कैसे कोई "खतनारहित" हो जाएगा? खतना के निशान हटाने की शुरूआत मसीह के ठीक पहले के सदियों में हुई, जब यूनानी संस्कृति यहूदी तरीकों पर अतिक्रमण करने लगी। यहूदियों की परम्पराओं से अलग होने वाली अन्य प्रथाओं में, यूनानी पुरुष नग्न अवस्था में व्यायाम करते थे।[11] शरीर का अंग भंग करना जैसे कि खतना की रीति, जिसे यूनानी लोग बड़ी बर्बरता मानते थे। आधुनिकता के पीछे चलने वाले यहूदी, यूनानी तरीकों की नकल करना चाहते थे, वे व्यायामशाला में नग्न दिखाई देते थे और उनके खतना प्रदर्शित करने से शर्मिन्दा होते थे। यूनानी शब्द ἐπισπάομαι (*एपिसपाओमाई*, "पूर्ववत करने के लिये ... खतना") केवल नया नियम में ही पाया जाता है। इसका सामान्य अर्थ था स्वयं पर कुछ लाना, चाहे सकारात्मक हो या नकारात्मक।[12] यह शब्द उन यहूदियों द्वारा अपनाया गया था जिनको आवश्यक शल्य-चिकित्सा प्रक्रिया को परिभाषित करने के लिये एक शब्द की आवश्यकता थी, जो उन्होंने अपने खतना के लिये प्रयोग की थी।[13] यह सम्भव नहीं है कि कुरिन्थ में यहूदी मसीही खतना के संकेत को हटाने का प्रयास कर रहें थे; प्रेरित सम्भवतः सैद्धान्तिक रूप से बात कर रहा था। वह यह कह रहा था कि खतना, विवाह या अविवाहित होने के समान था, जिसका आत्मिक रूप से कोई प्रतिफल नहीं है।

**आयत 19.** इस आयत की एक उल्लेखनीय विशेषता यह है कि पौलुस ने कहा कि न **खतना कुछ है** ... परन्तु **परमेश्वर की आज्ञाओं को मानना ही सब कुछ है।** खतना "परमेश्वर की आज्ञाओं" में से एक था; और, यहूदियों के लिये, यह सबसे पुराना और सबसे अधिक सम्मानित आज्ञाओं में से एक था (उत्पत्ति 17:9, 10; यहोशू 5:2-5)। प्रेरित ने कलीसिया के तरीकों का समर्थन करने के लिये (1 कुरि. 9:9) या नैतिक उपदेशों के मूल्य को प्रमाणित करने के लिये (गला. 5:14) विश्वास करने के द्वारा परमेश्वर के छुटकारे (रोम. 4:3-8) को प्रदर्शित करने के लिये पुराने नियम के अधिकार से अपील करने में संकोच नहीं किया। उसी समय, पौलुस अपने आग्रह में समझौता नहीं चाहता था कि इस्राएल के धार्मिक रीति के जातीय पहलुओं को अन्यजातियों पर लागू नहीं किया जाए।

अनुभवी यहूदी मसीहियों को यह समझाया था कि पौलुस की शिक्षा उस समय की ओर इशारा करती थी जब यहूदियों के अलग-अलग जातीय घटकों को नहीं देखा जाएगा। जिन लोगों ने आत्मा की गवाही को स्वीकार किया, पर जैसा कि उन्होंने चुना था उन्हें ज्ञात हुआ कि वे व्यवस्था के जातीय तत्वों का अभ्यास करते हैं या अभ्यास नहीं करते हैं, परन्तु वे अन्य जाति विश्वासियों पर यहूदी धर्म अभ्यास को थोप नहीं सकते थे। जातीय अर्थों में, "मसीह व्यवस्था का अन्त" था (रोम. 10:4)। जो यहूदी मसीही संदेश के परिणामों को त्याग देते थे, जो "व्यवस्था के लिये धुन लगाए" थे (प्रेरितों 21:20) और फरीसीवाद को थामे रहे यहाँ तक की विश्वासी बनने के बाद भी (प्रेरितों 15:5), कट्टर दुश्मन बन गए जो

पौलुस का पीछा करते थे और उसकी शिक्षाओं का अन्त करने का प्रयास करते थे। पौलुस के लिये, यह समझा गया था कि जब कोई परमेश्वर के सामने खड़ा होता था, तब खतना कोई प्रतिफल नहीं होता। यह किसी के वैवाहिक दशा के रूप में अप्रासंगिक था। विवाह या जातीय पहचान के सम्बन्ध में अपनी स्थिति को बदलने के लिये मसीही को मजबूर नहीं किया जाता था।

**आयत 20.** खतना पर अपने उल्लेख को पूरा करते हुए, पौलुस ने कहा, **हर एक जन जिस दशा में बुलाया गया हो, उसी में रहे।** यह विचार सामाजिक और वैवाहिक दशा पर समान रूप से लागू होता है। प्रेरित ने इस सलाह को आयत 24 में दोहराया है। खतना और दासत्व के विषयों ने ब्रह्मचर्य और विवाह के बारे में पौलुस के प्रश्नों के उत्तर का समर्थन और वर्णन किया।

**आयत 21.** पौलुस ने अपने उपदेश के समर्थन के लिये खतना और दासत्व दोनों के लिये अपील की कि एक मसीही अपने परिवर्तन के समय जिस भी वैवाहिक स्थिति में था, उसे वैसा ही होना चाहिए। यद्यपि उसने यह स्वीकार किया कि दासत्व या तो विवाह के लिये या जातीय परम्पराओं के लिये, पूरी तरह से तुलनीय नहीं है। उसने कहा, **परन्तु यदि तू स्वतंत्र हो सके, तो ऐसा ही काम कर।**[14] इसलिये, दास के लिये प्रेरित की सलाह ठीक उन विवाहित/अविवाहित या खतनारहित/खतना किए हुए लोगों के लिये की गई चर्चा के समानान्तर नहीं है। पहले के दो श्रेणियों के बारे में, उसने अपने भाइयों और बहनों को उन स्थितियों में रहने के लिये कहा था जिसमें उन्हें बुलाया गया था; परन्तु दास के लिये उसने आदेशात्मक शब्दों में नरमी जताई। उसने लिखा, **तो चिन्ता न कर** जिसका अर्थ "एक दास के रूप में अपनी दशा को आपको कष्ट पहुँचाने की अनुमति न दे। आत्म-तरस में स्वयं का अन्त न कर।"

दासों के लिये पौलुस के निर्देशों के अनुसार, विवाह करने वालों के लिये समानता बताते हुए यह विडम्बना के साथ घिरा हुआ था। यूनानी-रोमी जगत में दासों को विवाह करने की अनुमति नहीं थी। दासों के शरीर का उपयोग या दुरुपयोग उनके मालिकों के विवेक पर था। कैटो, एक रोमी सज्जन किसान ने निम्नलिखित सलाह की पेशकश की: "थका हुआ बैल, दोषयुक्त पशु, दोषयुक्त भेड़, ऊन, पशु का खाल, पुरानी गाड़ी, पुराने उपकरण, पुराने दास, बीमार दास, और कुछ भी जो व्यर्थ ठहराया जाए, उसे बेच दें।"[15] कैटो के आकलन में, एक दास के प्रति सहानुभूति भावुकता के समान थी। पुराने दास या पुराने बैल रखना एक खराब व्यवसायिक निर्णय था। समाज ने आधिकारिक तौर पर दासों को उप मानव के रूप में माना। मसीह में, चाहे कोई दास या स्वतन्त्र, चाहे कोई खतना किया हुआ या खतनारहित हो या विवाहित हो या अविवाहित हो, कोई अन्तर नहीं होता था।

**आयत 22.** पौलुस ने खतना और दासत्व का उपयोग करने के लिये मसीहियों को बाहरी, संसारिक परिस्थितियों को स्वीकार करने का तरीका समझाया, क्योंकि कुरिन्थ की कलीसिया में दासों और यहूदियों दोनों का प्रतिनिधित्व किया गया था। कोई भी बाहरी स्थिति बिल्कुल संतोषजनक थी,

जब किसी की आशा का मूल्य और परमेश्वर के साथ अनुग्रह की स्थिति बाहर के अलावा अन्य तरीकों में परिभाषित की जाती थी। जब जातियता की स्थिति को दासत्व के द्वारा चिह्नित किए जाने की तुलना में खतना के द्वारा चिह्नित किया जाता था तो यह और अधिक आसान होता था। दासत्व की रीति यूनानी-रोमी समाज में दृढ़ता से घिरी हुई थी। इसमें फँसे लोगों के लिये, प्रेरित केवल यह कह सकता था कि मसीही दास **प्रभु का स्वतन्त्र** किया हुआ व्यक्ति था और वह स्वतन्त्र किया हुआ व्यक्ति **मसीह् का दास** था। इस विचार ने सांसारिक जीवन को आसान नहीं बनाया, परन्तु यह न्याय और अनन्त काल के साँचे में वर्तमान कष्ट को देख चुका था।

**आयत 23.** यदि मसीह् की सार्वभौमिक अपील, वह स्थिति जो उसने सभी मनुष्यों को चाहे दास हो या स्वतन्त्र को दिया है, अच्छी तरह से स्पष्ट नहीं थी, तो पौलुस अधिक स्पष्ट होता। सब मसीही चाहे दास हों या स्वतंत्र, उस समय दाम देकर मोल लिए गए हैं, जब मसीह् क्रूस पर मरा। एक भौगोलिक पैमाने पर, मसीह् का अंगीकार महान तुल्यकारक के समान सेवा देता था। कुछ मामलों में, दास अपने स्वतन्त्र प्रतिपक्ष की तुलना में अधिक सुरक्षित; आर्थिक स्थिति में हो सकता है;[16] परन्तु क्या दासत्व को मानवीय व्यवस्था के कानूनी परिप्रेक्ष्य या दैहिक भोग के आत्मिक परिप्रेक्ष्य से माना जा सकता है, प्रेरित ने सलाह दी कि **मनुष्यों के दास न बनो**। जो लोग दास के रूप में अपनी स्थिति नहीं बदल सकते हैं, वे अपने जीवन में बहुत अधिक शोक नहीं होने देंगे। ऐसा करना संसार के मूल्यों के द्वारा कैद किए जाने के बराबर था। पौलुस ने उन्हें संसारिक मूल्यों के बंदी उनके लिये यह जानना पर्याप्त होगा कि परमेश्वर ने स्वयं के लिये दास और स्वतन्त्र दोनों को खरीदा था।

**आयत 24.** प्रेरित ने 7:20 में दिए गए विचार को दोहराकर अपनी शिक्षा का सारांश दिया। **जो कोई जिस दशा में बुलाया गया हो, वह उसी में परमेश्वर के साथ रहे** जिसका अर्थ है कि एक मसीही को विवाह की रीति का और उसमें प्रतिबद्ध वचनबद्धता का सम्मान करना है। एक मसीही होने के लिये घरेलू क्षेत्र में कोई बदलाव की आवश्यकता नहीं है। बल्कि, मसीहत घरों को अधिक स्थिर बना देता है।

## कुरिन्थ के अविवाहित लोगों के लिये निर्देश (7:25-40)

कुरिन्थियों के मसीहियों ने पौलुस को लिखे गए पत्र को उथल-पुथल का एक गवाह बताया था, जिसने पहले मसीही सिद्धान्तों को अपने जीवन में आत्मसात किया था। यूनानी जगत में, नैतिकता, घर, पालन-पोषण, और वैवाहिक रिश्ता ही परिवर्तन की स्थिति में था। वेश्यावृत्ति, गर्भपात, शिशुओं की मृत्यु, तलाक, अति गरीबी, और दासत्व के मामले थे जो परिवारों को सीधे प्रभावित करती थीं। मसीही बनना व्यवहार में आवश्यक परिवर्तन चाहता है, परन्तु कितना? कोई कहाँ से शुरू करे?

जब पौलुस के पास संदर्भ के लिये प्रभु की ओर से एक प्रत्यक्ष बातचीत थी, जिसका प्रयोग उसने किया (7:10); जब उसने ऐसा नहीं किया, तो वह आत्मा के मार्गदर्शन पर भरोसा रखता था और वर्तमान स्थिति पर लागू ताज़ा शिक्षा प्रदान करता है। कुछ सिद्धान्तों को नीचे रखकर प्रेरित ने मूर्तिपूजक विचार और व्यवहार के साथ सीधा सामना किया। उनकी वैवाहिक स्थिति के बारे में, मसीहियों को जैसे वे थे उसी में बने रहना चाहिए (7:20)। एक विवाहित दम्पत्ति को स्वयं पर यौन संयम नहीं लगाया जाना चाहिए जब एक मसीही एक अविश्वासी से विवाह करता था, तो मसीही को विवाह को बनाए रखना चाहिए।

बाद में प्रेरित ने अविवाहितों पर अपना ध्यान दिया। उसका इरादा दस आज्ञा के समान "तू यह करना" और "तू यह नहीं करना" आदेशों को पारित करना नहीं था। इसके बदले, उसने 7:26 में सलाह दी और 7:28 में विचार विभिन्नता की अनुमति दी।

जैसा कि पौलुस ने कुरिन्थियों द्वारा उन्हें भेजे गए प्रश्नों का उत्तर दिया, उन्होंने इंकार किया कि विवाह के भीतर यौन सम्बन्ध, संयम की तुलना में परमेश्वर को कम भावता था और प्रत्येक मसीही को वैवाहिक स्थिति में रहने की सलाह दी गई थी जिसमें मसीह ने उन्हें बुलाया था। उसने अगले भाग में उस सोच का खुलासा किया।

## "तुम जैसे हो वैसे ही रहो" (7:25-31)

**25कुँवारियों के विषय में प्रभु की कोई आज्ञा मुझे नहीं मिली, परन्तु विश्वासयोग्य होने के लिये जैसी दया प्रभु ने मुझ पर की है, उसी के अनुसार सम्मति देता हूँ। 26मेरी समझ में यह अच्छा है कि आजकल क्लेश के कारण, मनुष्य जैसा है वैसा ही रहे। 27यदि तेरे पत्नी है, तो उससे अलग होने का यत्न न कर; और यदि तेरे पत्नी नहीं, तो पत्नी की खोज न कर। 28परन्तु यदि तू विवाह भी करे, तो पाप नहीं; और यदि कुँवारी ब्याही जाए तो कोई पाप नहीं। परन्तु ऐसों को शारीरिक दुख होगा:, और मैं बचाना चाहता हूँ। 29हे भाइयो, मैं यह कहता हूँ कि समय कम किया गया है, इसलिये चाहिए कि जिन के पत्नी हों, वे ऐसे हों मानो उन के पत्नी नहीं; 30और रोनेवाले ऐसे हों, मानो रोते नहीं; और आनन्द करनेवाले ऐसे हों, मानो आनन्द नहीं करते; और मोल लेनेवाले ऐसे हों, मानो उनके पास कुछ है ही नहीं। 31और इस संसार के साथ व्यवहार करनेवाले ऐसे हों, कि संसार ही के न हो लें; क्योंकि इस संसार की रीति और व्यवहार बदलते जाते हैं।**

**आयत 25.** वाक्यांश (περὶ δὲ, *पेरी डे*) के विषय में सामान्य रूप से कुरिन्थियों (7:1; 8:1; 12:1; 16:1) में मसीहियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों के बारे में पौलुस की प्रतिक्रियाओं का परिचय देता है, परन्तु इस मामले में उसके शब्द केवल बदलाव की ओर **ध्यान** देते हैं। कलीसिया के प्रश्न का एक से अधिक भाग हो सकता था, परन्तु सामान्य चिन्ता एक समान थी: क्या एक मसीही होने पर

यौन क्रिया और विवाह पर आम तौर पर स्वीकार किए गए विचारों को अस्वीकार कर दिया गया? जिस विषय की शुरूआत पौलुस ने 7:17 में किया था उसे ध्यान में रखते हुए उत्तर दिया: "यह अच्छा है कि ... मनुष्य जैसा है वैसा ही रहे" (7:26)।

यूनानी-रोमी जगत में "कुँवारी", हमारे समय की तरह, सामान्य रूप से एक युवा महिला के संदर्भ में होता है जो एक पुरुष के साथ कभी भी अंतरंग नहीं हुई। पुरुष सत्ता वाली संस्कृतियों के लिये नकारात्मक प्रभाव हमारे वर्तमान अध्ययन के दायरे के भीतर नहीं है। जैविक और साथ ही सांस्कृतिक मुद्दे शीघ्रता से ऊपर उठते दिखाई देते हैं।

जब स्वर्गदूत मरियम को दिखाई दिया, तब उसे एक "कुँवारी" के रूप में पहचाना गया था (लूका 1:27)। विवरण में यूसुफ से सम्बन्धित कोई वर्णन नहीं है (देखें मत्ती 1:20-25)। रोमी पौराणिक कथाओं में तीन कुँवारी देवियाँ, आर्तिमीस, एथेना, और हेस्तिया थीं। यूनानी बहु ईश्वरवाद में कोई भी कुँवारे देवता नहीं थे। अंग्रेजी शब्द **वेर्जिन्स** में पुरुष और साथ ही स्त्रियाँ भी शामिल हैं (प्रका 14:4); परन्तु जब पौलुस ने 7:25 में "कुँवारी के विषय" में लिखा, तो वह अविवाहित, यौन निष्क्रिय स्त्रियों की बात कर रहा था (7:28, 36)।[17]

पौलुस की कुँवारियों के बारे में चिन्ता सार में नहीं था; यह विवाह के संदर्भ में था। वह मसीही विवाह के औचित्य के सम्बन्ध में पुरुष और स्त्री दोनों को निर्देश दे रहा था।

विवाहितों के लिये, पौलुस ने उन लोगों द्वारा एक प्रासंगिक शिक्षा प्राप्त की थी जिन्होंने सबसे पहले प्रभु की बात सुनी थी (7:10)। उसके पास **प्रभु की आज्ञा** जवान पुरुषों और स्त्रियों के लिये कोई अनुपालन नहीं था, जो विवाह के बारे में विचार कर रहे थे, परन्तु एक प्रेरित के रूप में उसकी आज्ञा ने यह तय किया कि वह अतिरिक्त प्रकाशन प्रदान करे। जब प्रेरित ने कहा, **परन्तु मैं सम्मति देता हूँ,** वह उसके निर्देश को अनदेखा करने की अनुमति नहीं दे रहा था। उसने दो सिद्धान्तों के लिये ईश्वरीय प्राधिकरण पर दावा किया था: (1) परमेश्वर विवाहित जोड़े के बीच वैवाहिक जीवन और यौन सम्बन्ध की स्वीकृति देता है, और (2) विवाह एक आजीवन प्रतिबद्धता है। इसके अलावा, प्रेरित ने मार्गदर्शन दिया कि **परन्तु विश्वासयोग्य होने के लिये जैसी दया प्रभु ने मुझ पर की है** (देखें 7:40)।

**आयत 26.** विवाह के बारे में पौलुस ने सामान्य रूप से जो कहा था, उन लोगों के लिये समान शक्ति के साथ लागू किया था, जो विवाह पर विचार कर रहे थे। **आजकल क्लेश के कारण को ध्यान में रखते हुए**, प्रेरित ने कहा कि यह उस मनुष्य के लिये बुद्धिमानी होगी जो अविवाहित था, कि **जैसा है वैसा ही रहे**। कौन सा "आजकल का क्लेश" कुरिन्थियों को प्रभावित कर रहा था, प्रेरित ने ऐसा नहीं कहा। अपने लोगों से क्लेश और बाहरवालों से विरोध कुरिन्थियों के लिये स्व-साक्ष्य थे। कोई विस्तार आवश्यक नहीं था।

**आयत 27.** अविवाहित बने रहने वालों के लिये पौलुस की सलाह उसके

सामान्य विषय में सही ठहरता है कि विश्वासी अच्छा करेंगे क्योंकि वे वैसे ही बने रहेंगे जैसे बुलाए गए थे। पुरुष या स्त्री जो विवाह के बाद एक मसीही बन गए उन्हें अपना विवाह बनाए रखना चाहिए और पत्नी या पति से **अलग होने का यत्न नहीं करना चाहिए**। विश्वासी जिनकी पत्नी नहीं थीं, वे उन लोगों में शामिल थे जिनका कभी विवाह नहीं हुआ, जिनके पति या पत्नी की मृत्यु हो चुकी थी, और **वे जो अलग हो चुके थे**। "आजकल के क्लेश" को ध्यान में रखते हुए, वे सभी विवाह न कर, बुद्धिमान ठहरेंगे। सामान्य रूप से पुरुषों ने विवाह के लिये पहल की, परन्तु प्रेरित ने पुरुषों से जो कहा वह स्त्रियों पर भी समान रूप से लागू होता था।

**आयत 28.** पौलुस के "विचार" में अधिकार का स्तर जैसे वह आगे बढ़ता गया स्पष्ट होता गया (7:25); यह एक चितौनी नहीं थी। उसने इस सम्भावना को स्वीकार कर लिया कि कुछ लोग उसके निर्देशों का पालन न करने का चुनाव कर सकते हैं, भले ही प्रभु ने उसे भरोसेमंद होने के लिये ठहराया हो। जिन लोगों ने पौलुस की सलाह को मानने से इंकार कर दिया और विवाह करने का फ़ैसला किया, प्रेरित ने लिखा, **तुमने पाप नहीं किया है**। वह यह विश्वास नहीं करता था कि इस प्रकार के एक निर्णय के कारण उसके स्वयं के प्रेरिताई अधिकार या वचन के अधिकार के साथ समझौता करना पड़ा था। पौलुस ने अपने पाठकों को उनकी अनिश्चित स्थिति के कारण मार्गदर्शन करने के लिये एक तार्किक निर्णय दिया था, परन्तु उसने अन्तिम निर्णय हर व्यक्ति विशेष पर छोड़ दिया था। फिर भी, वह अपनी सलाह पर दृढ़ था। जबकि मसीही इस मामले में अपने स्वयं के विवेक के निर्देशों का पालन करने के लिये स्वतन्त्र थे, पौलुस विश्वास रखता था कि जो लोग विवाह करेंगे, **ऐसों को शारीरिक दख होगा:।** उसने अपने पाठकों को आश्वस्त किया, **मैं आपको बचाना चाहता हूँ**। पौलुस ने पवित्र जीवन शैली के रूप में विवाह की आज्ञा दी, परन्तु उसी समय में यह अनुशंसा की गयी कि "आजकल क्लेश" के कारण मसीहियों को विवाह से बचना है। वह यह सोचने लगा था कि किसी दूसरे व्यक्ति से प्रेम करने से, एक दबाव के साथ अधिक संवेदनशील होकर कोई भी प्रभु से दूर हो जाएगा (देखें टिप्पणी 7:32-35 पर)।

**आयत 29.** पौलुस ने कहा कि **समय कम किया गया है, इसलिये चाहिए कि जिन के पत्नी हों, वे ऐसे हों मानो उन के पत्नी नहीं**। इस आयत का पहला भाग यह संकेत देता है कि प्रेरित की अपेक्षा थी कि वर्तमान युग का अन्त शीघ्र ही आने वाला है। यह स्पष्ट है कि पौलुस ने प्रभु के लौटने के दिन के बारे में जानने का दावा नहीं किया और न ही उसने यह सिखाया कि मसीह उसके जीवन काल या उनके पाठकों के जीवनकाल में प्रकट होगा। मसीह के प्रगट होने के लिये तैयार होना वैसा नहीं है जैसे भविष्यद्वाणी है कि वह जब आएगा। अपेक्षा के साथ जीने का अर्थ, उसके आगमन के लिये तैयार होना है। पौलुस जानता था कि इन भाइयों के लिये समय की आपूर्ति कम हो सकती है,[18] और अभी तक सदियों पार कर चुके हैं क्योंकि पौलुस ने कुरिन्थ में सुसमाचार को सिखाया था।

प्रारम्भिक मसीही इस विचार के साथ रहते थे कि प्रधान दूत और परमेश्वर

की तुरही की आवाज़ उन्हें उनके जीवनकाल में बुला सकती है (1 थिस्स. 4:15)। क्या पौलुस, याकूब और पतरस गलत थे? प्रेरिताई सिद्धान्त ने कहा कि प्रभु का आगमन अचानक होगा, प्रेरित ने समय नहीं तय किया है। प्रभु की वापसी की प्रत्याशा ने संसार को एक बेहतर स्थान बनाने के लिये अच्छे काम करने को कहा - विश्वास, दया, और गुणों से भरा जीवन जीने को कहा। क्योंकि प्रभु का दिन निकट था, मसीहियों की संसार के प्रति एक दृष्टि थी, जिसे वे पहले नहीं जानते थे।

प्रत्येक क्षण ने उस समय को निकट लाया है, "इसलिये चाहिए कि जिन के पत्नी हों, वे ऐसे हों मानो उन के पत्नी नहीं।" अविवाहित लोगों के लिये पौलुस की सलाह में किसी भी प्रकार की कठोरता जिसे कुरिन्थ के विश्वासियों ने पढ़ा हो, वह उनके एहसास के द्वारा कि सभी सांसारिक बातों का अन्त निश्चित था, नम्रता से काम लिया गया। यह जानते हुए कि प्रभु वापस आएगा जिस तरह से वे सोचते थे और चालचलन रखते थे उसका व्यावहारिक प्रभाव पड़ेगा। वे विश्वास करते थे कि समय शीघ्र ही उन पर आ पड़ेगा; यह हमेशा मसीहियों पर शीघ्र ही रहा है। कुरिन्थियों में से कुछ इस जीवन के मामलों से थकित हो गए थे, परन्तु पौलुस ने उनका ध्यान स्वर्गीय बातों की ओर निर्देशित किया। अन्यजातियों के प्रेरित के लिये, प्रभु की वापसी की अपेक्षा करने का एकमात्र तरीका था कि वह उसके शीघ्र ही आने की अपेक्षा कर रहा था। रिचर्ड ई. ओस्टर, जूनियर ने इसे इस तरह से कहा: "विश्वास रखने वाले के सच्चे आत्म को एक अनदेखे संसार की वास्तविकताओं और मूल्यों में निवेश किया जाता है, क्योंकि वही एकमात्र ऐसा संसार है जो अनन्त है और जिसमें जीवन के द्वारा नश्वरता को निगल लिया जाएगा"[19] (2 कुरि. 5:4)।

**आयत 30.** कुरिन्थ के विश्वासियों ने उस स्तर तक परमेश्वर को जानने की और उद्धारकर्ता की वापसी की अपेक्षा की, कि उन्होंने विवाह और अन्य सभी सांसारिक मामलों पर अपने परिप्रेक्ष्य को पुन: क्रमित किया। प्रेरित बच निकलने की मानसिकता नहीं बता रहा था; वह भाइयों को चार दीवारों के भीतर इकट्ठा करने और प्रभु की वापसी तक भजन गाते हुए निर्देशित नहीं कर रहा था। जबकि जीवन है, तो परमेश्वर के लोग **रोएंगे, आनन्द करेंगे**, **मोल लेंगे** और **प्राप्त करेंगे**; परन्तु दैनिक जीवन के सांसारिक मामले नए उद्देश्य पर चलते हैं। मसीही यह मानते हैं कि परमेश्वर संसार को एक चरम बिंदु की ओर निर्देशित कर रहा है। उस समय तक, संसार कड़ी मेहनत कर सकता है, जैसे कि कुरिन्थ के इन विश्वासियों ने किया था। प्रेरित द्वारा पारिवारिक जीवन पर तनाव के मद्देनज़र, उसने अपने निर्णय की पेशकश की कि विवाह एक जटिलता थी, मसीही शायद इस बात से बचने की प्रयास कर सकते हैं। पौलुस के शब्द पुराने नियम में भविष्यद्वक्ताओं की चेतावनियों में देखे गए जो उसी तरह की तात्कालिकता को दर्शाते हैं। प्रभु का दिन उन पर आ पड़ा था।

**आयत 31.** पौलुस ने आगे कहा, **और इस संसार के साथ व्यवहार करनेवाले ऐसे हों, कि संसार ही के न हो ले; क्योंकि इस संसार की रीति और व्यवहार**

**बदलते जाते हैं।** कुरिन्थ में अविवाहित विश्वासियों ने विवाह की सलाह पर विचार किया, इसलिये पौलुस ने उन्हें भौतिक संसार की क्षणभंगुर प्रकृति के बारे में याद दिलाया। प्रेरित ने यूनानी क्रिया का काल (παράγει, *पारागेई*, "बदलते जाते हैं") को चुना जो गतिविधि के प्रगति पर होने का सुझाव देता है। विचार यह नहीं है कि अन्ततः संसार का अन्त हो जाएगा, परन्तु यह कि प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। पाप और परमेश्वर के विरुद्ध विद्रोह उस हवा की तरह थे जो एक गुब्बारा में दबाव डालता है। बहुत से लोगों का उद्धारकर्ता को ग्रहण करने से इंकार करना जिसे परमेश्वर ने मनुष्य के पाप के बदले मरने के लिये भेजा था जिससे दबाव बढ़ता गया; ऐसा लग रहा था कि अन्त का समय दूर भविष्य में नहीं हो सकता। इन मसीहियों को चारों ओर एक दृष्टि लगानी होगी कि "इस संसार की रीति और व्यवहार बदलते जाते हैं।" यूहन्ना ने उसी क्रिया और उसी काल को चुन लिया जब उसने अपने पाठकों को इसी प्रकार की सलाह दी: "संसार और उसकी अभिलाषाएँ दोनों मिटते जाते हैं, पर जो परमेश्वर की इच्छा पर चलता है वह सर्वदा बना रहेगा" (1 यूहन्ना 2:17)।

### "स्वयं को प्रभु की सेवा में दें" (7:32-35)

**[32]अत: मैं यह चाहता हूँ कि तुम्हें चिन्ता न हो। अविवाहित पुरुष प्रभु की बातों की चिन्ता में रहता है कि प्रभु को कैसे प्रसन्न रखे। [33]परन्तु विवाहित मनुष्य संसार की बातों की चिन्ता में रहता है कि अपनी पत्नी को किस रीति से प्रसन्न रखे। [34]विवाहिता और अविवाहिता में भी भेद है: अविवाहिता प्रभु की चिन्ता में रहती है कि वह देह और आत्मा दोनों में पवित्र हो, परन्तु विवाहिता संसार की चिन्ता में रहती है कि अपने पति को प्रसन्न रखे। [35]मैं यह बात तुम्हारे ही लाभ के लिये कहता हूँ, न कि तुम्हें फँसाने के लिये, वरन् इसलिये कि जैसा शोभा देता है वैसा ही किया जाए, कि तुम एक चित्त होकर प्रभु की सेवा में लगे रहो।**

**आयत 32.** पौलुस अपने पाठकों को यथासम्भव अधिक से अधिक चिन्ता मुक्त करने की कामना करता था। "आजकल के क्लेश" (7:26) उन लोगों पर पड़ेगा जो विवाह करके दुःख उठाते थे; सम्भवतः यह उनके प्रियजनों पर भी दुःख लाएगा। अविवाहित व्यक्ति परमेश्वर को प्रसन्न करने के लिये चिन्तित होता होगा क्योंकि वह परिवार की चिन्ताओं से मुक्त था। प्रेरित ने कहा कि कुरिन्थ में मसीहियों की चरम परिस्थितियों में सामान्य देखभाल जो पति और पत्नी को एक दूसरे के लिये होना चाहिए, जटिल हो गया था। उसने अविवाहित मसीही को अविवाहित रहने का सुझाव दिए जाने का कारण दिया वह यह था, **मैं यह चाहता हूँ कि तुम्हें चिन्ता न हो।** पति और पत्नियों को एक दूसरे के लिये चिन्तित होना स्वाभाविक और सही था। यदि एक पति या पत्नी का जीवन जोखिम में था, या यदि किसी पति या पत्नी को कारावास या यातना का सामना करना पड़ता है, तो इस तरह के दुःखों से साथी को छोड़ना, मसीह से इंकार करने का

परीक्षा भारी हो सकता है।

कुछ धार्मिक समूहों में, पादरी उन कारणों के लिये अविवाहित रहते हैं जो पौलुस ने कुरिन्थियों को इस पत्र में स्वीकार करने से मना कर दिया था। एक विचार यह है कि एक अविवाहित व्यक्ति बिना किसी परिवारिक उलझन के अपनी सेवकाई को अपनी ऊर्जा दे सकता है। दूसरा, कुछ लोगों का मानना है कि यौन स्वाभाविक रूप से कामुक होता है और इसलिये पापमय होता है। पौलुस द्वारा किसी भी आधार का समर्थन नहीं किया गया था। ब्रह्मचर्य के अधिवक्ताओं ने पहले तर्क का समर्थन करने के लिए 7:32 का उपयोग किया, परन्तु एक पेशेवर पादरी कहीं भी पौलुस की भाषा में निहित नहीं है। उसने जो सलाह दी थी, वह कुरिन्थ के सभी मसीहियों के लिये दी गयी थी। इसके अलावा, यह कलीसिया को धमकी देने वाले असामान्य संकट को ध्यान में रखते हुए दिया गया था।

**आयत 33.** पौलुस के लेखन में, "संसार" (κόσμος, *कोसमोस*) अक्सर वर्तमान युग में बुरे तत्वों को दर्शाता है (देखें इफि. 2:2)। यूहन्ना ने अक्सर "संसार" का उपयोग उन सब बातों के लिये किया जो मसीह का विरोध करता है (देखें यूहन्ना 8:23)। सामान्य रूप से अधिकतर, "संसार" उन लोगों को संदर्भित करता है जो इसमें रहते हैं; परन्तु जब पौलुस ने कहा कि परन्तु **विवाहिता संसार की चिन्ता में रहती है**, तो उसका तात्पर्य पति या पत्नी और परिवार से था। "संसार की बातों" के लिये चिन्ता की दूसरी सदी के आरम्भ के स्तोइक दार्शनिक एपिक्टेटस द्वारा चर्चा का विषय था। एक लम्बी परिच्छेद में, उसने विचलित करने वाली बातों को बताया जो एक विवाहित पुरुष को घेर लेते हैं। उसने लिखा,

> ... उसे अपने ससुर की सेवा, अपनी पत्नी के बाकी रिश्तेदारों की सेवा, स्वयं पत्नी को कुछ सेवाओं को करके दिखाना होगा; और अन्त में, वह अपने पेशे से अलग हो जाता है, अपने परिवार में एक सेवा करने वाला के रूप में काम करने और उनके लिये पूर्ति करनेवाला बनकर रह जाता है। ... बच्चे के लिये पानी गर्म करने के लिये उसके पास एक केतली होगी; स्नान टब में धोने के लिये, अपनी पत्नी के लिये ऊन जब उसके पास एक बच्चा होता था, तेल, एक खाट, एक कप (बर्तनों की संख्या बढ़ती जाती); अपने बाकी बचे व्यवसाय के बारे में और अपनी व्याकुलता के बारे में बात कर नहीं सकता।[20]

इन विकर्षणों को ध्यान में रखते हुए, एपिक्टेटस ने सलाह दिया की कम से कम, दार्शनिक विवाह नहीं करते हैं।

एपिक्टेटस ने जिन बातों की चिन्ता जताई वे पौलुस की सूची में नहीं हैं, परन्तु वे समान हैं। पौलुस ने कल्पना की होगी कि वे शारीरिक और भावनात्मक दुःख के बिना तुच्छ जान पड़ते हैं। पारिवारिक मामले, कुरिन्थ के विवाहित मसीहियों के लिये एपिक्टेटस जैसे दार्शनिक की दृष्टि में अधिक दबावपूर्ण रहे होंगे। मसीह के अंगीकार से पति, पत्नी और बच्चों के लिये प्रतिफल उत्पन्न हुआ।

पौलुस जानता था कि पति और पत्नी को मसीह का अंगीकार और प्रियजनों की सुरक्षा के बीच के कठिन विकल्प को चुनने के लिये विवश किया जाएगा। उदाहरण के लिये, यदि पौलुस विवाहित था, तो उसके प्रेरिताई के काम और दुःख उठाने (देखें 2 कुरि. 11:22-29) से निश्चित रूप से उसके परिवार के जीवन पर असर पड़ा होगा।

**आयत 34.** 7:33, 34 में, क्रिया "चिन्ता में रहना" (μεριμνᾶ, *मेरिम्ना)* एकवचन है।[21] यद्यपि, बहुवचन क्रिया लेने के लिये कोई मिश्रित कर्ता (शाब्दिक रूप से "अविवाहित महिला और कुँवारी") की अपेक्षा करता है, परन्तु यहाँ ऐसा नहीं है। "कुँवारी" को समझाने का एक तरीका यह है कि "अविवाहित स्त्री" को व्याख्यात्मक रूप से समझना। "अविवाहिता स्त्री का तात्पर्य कुँवारी से है जो चिन्ता में रहती है।" इसलिये, इसमें "और" (καί, *काई*) जुड़ा है, जिसे समझाना अनुपयुक्त लगता है। एक बेहतर स्पष्टीकरण मान्यता के साथ आता है कि यूनानी कर्ता-क्रिया समझौते के अनुरूप नहीं है जैसा कि अंग्रेज़ी में आवश्यक है। एक शाब्दिक यूनानी अनुवाद "अविवाहिता स्त्री (और कुँवारी भी) चिन्ता में रहती है।" कुछ अनुवाद वाक्य की अच्छी समझ देता है: स्त्री जो **अविवाहिता और कुँवारी होती है संसार की बातों में चिन्ता में नहीं रहती है**। इसके अलावा "एक अविवाहिता स्त्री या कुँवारी ... चिन्ता में रहती है।" दोनों अनुवादों में पौलुस स्त्री के दो समूहों को संदर्भित कर रहा है। एक समूह में स्त्री विधवा या तलाक हो जाने के कारण अविवाहिता थी, और दूसरे समूह में उनको जिनका कभी विवाह नहीं हुआ था। यह व्याख्या संदर्भ में सबसे सही बैठता है। कुँवारी स्त्रियाँ, अविवाहिता स्त्रियों के केवल एक ही भाग थे, परन्तु यह एक विशेष उल्लेख के लिये जाना गया था।

पौलुस का तर्क था कि व्यक्ति - पुरुष (7:33) या स्त्री (7:34) - जो वैवाहिक ज़िम्मेदारियों को ले चुके थे, उन्हें पति-पत्नी और बच्चों का समर्थन करने के लिये ऊर्जा खर्च करना चाहिए। जब अविश्वासी ने विश्वासी की परिवार के लिये सामान्य देखभाल में चिन्ताओं को व्यक्त किया, तो वह परमेश्वर की आज्ञाकारिता से विचलित हो सकता था। प्रेरित ने यह तर्क नहीं दिया कि विश्वासियों को "संसार की चिन्ता में" आम तौर पर निराश नहीं होना चाहिए था। वह यहूदिया के गरीबों के लिये जो भेंट उठा रहा था (1 कुरि. 16:1), उसने सांसारिक बातों को लेकर अपनी चिन्ता का प्रदर्शन किया। बल्कि, उसने बताया कि **देह और आत्मा दोनों में** पवित्रता सहित मसीह की आज्ञा मानना एक मसीही की प्राथमिक चिन्ता होनी चाहिए। जो कुछ भी उस ध्यान से उसे विचलित कर सकता है, उससे बचना चाहिए।

**आयत 35.** अविवाहित लोगों के लिये, जो विवाह करने पर विचार कर रहे थे, पौलुस के निर्देश जो विवाह पर विचार कर रहे थे, उन परिस्थितियों के लिये विशिष्ट था जिनमें कुरिन्थ के मसीही रहते थे। इसी कारण से, वह चिन्तित था। 7:25 में इस विषय की चर्चा करने के बाद, उसने कहा, "*मेरी समझ* में यह अच्छा है कि आजकल क्लेश के कारण" (7:26; वर्णित किया है)। उसके वाक्यांश

एक स्थिर स्थिति का संकेत नहीं है। पौलुस ने कहा, **मैं यह बात तुम्हारे ही लाभ के लिये कहता हूँ, न कि तुम्हें फँसाने** [βρόχον, *ब्रोखोन*] **के लिये**। इस वाक्यांश का एक और अधिक शाब्दिक और अधिक रोचक अनुवाद है "न कि तुम्हारे चारों ओर फंदा करने के लिये।"

जहाँ तक सिद्धान्त के आवश्यक मामले (उदाहरण के लिये, गला. 5:1-3 या नैतिकता (उदाहरण के लिये, 1 कुरि. 6:9, 10) के मुद्दे थे, तो पौलुस समझौता नहीं चाहता था। जबकि, इस संदर्भ में उसने मान्यता दी कि व्यक्तिगत परिस्थितियों में आवश्यकता है कि विश्वासी बुद्धिमान बने और उनके विशिष्ट मामलों में सुसमाचार के सिद्धान्तों को लागू करे। इस बात को ध्यान में रखते हुए, उसने अपनी सबसे अच्छी सलाह कुरिन्थियों में मसीहियों को प्रदान किया। उसने यह स्पष्ट किया कि विवाह पर विचार करने वाले व्यक्ति का विवेक किसी विषय पर अन्तिम मध्यस्थ था। प्रेरित ने अपने पाठकों से आग्रह किया **कि जैसा शोभा देता है वैसा ही किया जाए, कि तुम एक चित्त होकर प्रभु की सेवा में लगे रहो**।

### "इस मामले में, जैसा चाहे वैसा करे" (7:36-38)

**[36]यदि कोई यह समझे कि मैं अपनी उस कुँवारी का हक्क मार रहा हूँ, जिसकी जवानी ढल रही है, और आवश्यकता भी हो, तो जैसा चाहे वैसा करे, इसमें पाप नहीं, वह उसका विवाह होने दे। [37]परन्तु जो मन में दृढ़ रहता है, और उसको आवश्यकता न हो, वरन् अपनी इच्छा पर अधिकार रखता हो, और अपने मन में यह बात ठान ली हो कि वह अपनी कुँवारी लड़की को अविवाहित रखेगा, वह अच्छा करता है। [38]इसलिये जो अपनी कुँवारी का विवाह कर देता है, वह अच्छा करता है, और जो विवाह नहीं कर देता, वह और भी अच्छा करता है।**

**आयत 36.** 7:36 अनुवाद करता है, "परन्तु यदि कोई सोचता है कि वह अपनी कुँवारी का हक्क मारता है।" पाठक को "हक्क मारता है" के लिये अनिश्चित अर्थ के साथ छोड़ने के अतिरिक्त, "वह" उसके पूर्ववर्ती विवरण के बारे में स्पष्ट नहीं है। इस आयत का अर्थ उस व्यक्ति की पहचान पर टिका है जो शायद स्त्री की ओर अनुचित तरीके से व्यवहार कर रहा हो। NIV 2011 में दिए गए अंग्रेज़ी का वाक्यांश "वह जिस कुँवारी से रिश्ता रखता है" के साथ इस लिखे गए भाग को स्पष्ट करता है; NSRV 1989 में अंग्रेज़ी का एक और वाक्यांश "उसकी मंगेतर" के साथ एक ही विचार को व्यक्त करता है। पौलुस के आरोप, जब यह समझा जाता था, कि एक पुरुष और एक स्त्री जो एक यौन आकर्षण रखते थे जिस पर नियन्त्रण करना कठिन हो तो उन्हें विवाह कर लेना चाहिए।

कुछ अनुवादकों ने इस आयत को अलग-अलग तरीके से समझा। उन्होंने 7:36 का अनुवाद इस तरह किया, **यदि कोई यह समझे कि वह अपनी उस कुँवारी का हक्क मार रहा है**। यह वाक्यांश मानता है कि कुरिन्थ में पितृसत्तात्मक संस्कृति को एक पिता की आवश्यकता थी ताकि वह अपनी

अविवाहिता जवान बेटी की विवाह की अनुमति दे सकें। ऐसी बात होने पर, पौलुस शायद यह कह रहा था कि पिताओं को यह विचार करना चाहिए कि वे अपनी बेटियों को विवाह करने की अनुमति न देकर उचित व्यवहार कर रहे थे या नहीं। परिवार में शान्ति और कुँवारियों की इच्छाओं पर विचार एक कठोरता से रोक लगानेवाली बातों की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण थे, जो कि "आजकल क्लेश" (7:26) हो सकता था। हर एक माता-पिता द्वारा किए गए निर्णय का सम्मान किया जाना था; इसके परिणामों में अन्तर को सहन किया जाना था।

1970 में मुद्रित एक बाइबल अनुवाद तीसरा विकल्प प्रदान करता है: "परन्तु यदि किसी व्यक्ति का ब्रह्मचर्य में साथी है" (7:36)। इस प्रथा का व्यापकता का अनुमान करना असम्भव है; परन्तु दूसरी सदी में, कुछ मसीही यह मानने लगे कि ब्रह्मचर्य विवाह से अधिक पवित्र अवस्था है। विवाह के लिये सामाजिक दबाव के तहत, जोड़े एक ही छत के नीचे रहने के लिये सहमत हो सकते हैं परन्तु यौन अंतरंगता से बचना होगा। यह वाक्यांश इंगित करता है कि पौलुस मन में इस प्रकार की "कुँवारी विवाह" का विषय हो सकता था। यद्यपि, कुरिन्थियों की पत्री या अन्य जगहों में कोई प्रमाण नहीं पाया जाता है कि इस तरह का अभ्यास पौलुस के पाठकों में तब किया जाता था। कोई भी इस विचार को सुरक्षित रूप से निरस्त कर सकता है। इसके बाद 1989 में मुद्रित एक और बाइबल संस्करण में इस व्याख्या को अलग कर दिया गया; और इसमें अनुवाद है, "लड़की जिससे उसका विवाह हुआ है।"

"हक्क मार रहा हूँ" (ἀσχημονεῖν, *आस्खेमोनैन)* का क्या अर्थ है? यह इस बात पर निर्भर करता है कि प्रश्न में वह व्यक्ति कुँवारी से विवाह करने वाला था या विवाह करा रहा था। जो लोग तर्क करते हैं कि पौलुस का अर्थ था कि पिता निर्णय ले रहा था कि अपनी बेटी को विवाह में दे या नहीं जो आयत 38 की ओर इंगित करता है। वही व्यक्ति विचाराधीन है, परन्तु आयत 36 में पौलुस ने क्रिया का एक रूप प्रयोग किया γαμέω (*गामेओ,* "विवाह करने के लिये")। आयत 38 में उसने क्रिया γαμίζω *(गामिज़ो)* का प्रयोग किया, जिसका सामान्य अर्थ है "विवाह में देना" (मत्ती 22:30; 24:38)। क्योंकि मंगेतर नहीं, एक पिता अपनी बेटी को विवाह में देता है, तर्क यह है कि पिता को दोनों आयतों में कर्ता होना चाहिए। इस तरह से समझा गया, वह व्यक्ति "हक्क मारता" रहा होगा, यदि उसने अपनी बेटी का विवाह करने से मना कर दिया हो, जब उसकी **जवानी ढल रही** थी (ᾖ ὑπέρακμος, *ए हुपेराक्मोस*) और एक परिवार शुरू करना चाहती थी।

जो लोग "जिस कुँवारी से वह विवाह करने वाला है" के कुछ भिन्नता के लिये तर्क करते हैं, उनका भी एक मज़बूत पकड़ है। सबसे पहला अनुवाद जिस तरह से इस γαμείτωσαν *(गामेतोसान)* को प्रदान करता है, "उसका विवाह होने दे" के लिये पूछताछ की जा सकती है। यह अन्य पुरुष बहुवचन अनिवार्यसूचक शब्द है। "उनका विवाह होने दे" क्यों नहीं अनुवाद करते? इसके अतिरिक्त, आयत 36 में क्रिया γαμέω (*गामेओ,* "विवाह करने के लिये") और γαμίζω (*गामिज़ो,* "विवाह में देने के लिये") में आयत 38 में एकान्तर रूप से उपयोग किया जा

सकता है। एक व्यापक रूप से प्रयोग किया जाने वाला और अत्यधिक माना गया लेक्सिकन, *अ ग्रीक-इंग्लिश लेक्सिकन ऑफ द न्यू टेस्टामेंट एण्ड अर्ली क्रिस्चियन लिटरेचर,* का तर्क है कि इस सन्दर्भ में एक ही अर्थ को दो क्रियाओं में देखना सन्दर्भ को सर्वोत्तम बनाता है।[22] इस मामले में, हक्क मारने वाला वह व्यक्ति हो सकता है जो विवाह करना चाहता था।

एक अतिरिक्त जटिलता "जिसकी जवानी ढल रही है" वाक्यांश द्वारा जोड़ दी गई है। क्योंकि यूनानी क्रिया अन्य पुरुष के एकवचन के लिंग में कोई भेद नहीं बताती, अनुवाद "वह [स्त्रीलिंग]" और "वह (पुल्लिंग)" समान रूप से सम्भव है। दो अन्य अनुवादों में इस प्रकार बताया गया है "यदि उसकी आयु बढ़ रही है" और "यदि उसकी इच्छा शक्ति दृढ़ है।" जो पहला अनुवाद है लोग उस सन्दर्भ का समर्थन अधिक करते हैं। पहले के आयतों में यौन इच्छा और सही उम्र में एक जवान स्त्री का विवाह करने लिये इच्छा रखना चिन्ता का विषय था। पाठक को आगे भी इस विषय पर ध्यान देने में सक्षम होना चाहिए। यद्यपि व्याख्या की बारीकियाँ अलग हैं और इसलिये विचार के योग्य हैं, आज कलीसिया द्वारा लागू करने के व्यावहारिक परिणाम कुछ अच्छे नहीं है। किसी भी मामले में, पौलुस इच्छुक सदस्यों को सलाह दे रहा था कि विवाह स्वीकार्य है। सबसे अच्छी व्याख्या यह है कि पौलुस की सलाह का उद्देश्य उस व्यक्ति पर आधारित था, जो विवाह का विचार कर रहा था, न कि उस व्यक्ति पर, जो अपनी बेटी को विवाह में देने के बारे में सोच रहा था। आयत 37 और 38 इस निष्कर्ष को मज़बूती प्रदान करते हैं।

**आयत 37.** विश्वासियों को अक्सर नैतिक प्रभावों के साथ निर्णयों का सामना करना पड़ता है, जिसमें सबसे अच्छा कार्यवाही एक सरल "तू ऐसा करना" या "तू ऐसा नहीं करना" के साथ सुलझाया जा सकता है। कुरिन्थ में कलीसिया में विवाह करने वाले लोगों का यही मामला था। मुद्दे पर धुन लगाए रहना और परम्पराओं का पालन किया जाना, शामिल हुए लोगों पर निर्भर करता था, कुछ के लिये सबसे अच्छा निर्णय दूसरों के लिये सबसे अच्छा नहीं हो सकता था। परन्तु, 7:36 में व्याख्याओं के मुद्दों को हल किया गया है, प्रेरित ने इस सम्भावना के लिये अनुमति दी है कि विवाह आगे बढ़ने का सबसे अच्छा तरीका हो सकता है। उस स्थिति को स्वीकार करने के बाद, प्रेरित अपनी पिछली सलाह पर वापस लौट आया, परन्तु पूरी तरह से बचाव के साथ।

पौलुस द्वारा दिया गया दिशानिर्देश यह था कि यह एक ऐसे व्यक्ति के लिये बेहतर होगा जो विवाह को "आजकल क्लेश के कारण" अकेले रहने के लिये विचार कर रहा था (7:26)। यद्यपि कुरिन्थ के मसीही निश्चित रूप से उम्र के अन्तिम (7:31) पड़ाव को देख सकते थे, ब्रह्मचर्य उसके लिये सबसे अच्छा विकल्प था जो **मन में दृढ़** रहता था। अलग तरीके से बताया गया, विवाह का त्याग करना व्यक्ति के लिये बुद्धिमानी थी, जो आत्म-नियन्त्रण (**अपनी इच्छा पर अधिकार रखता हो**) रखता था और **अपने मन में यह बात ठान** लिया था।

पितृसत्तात्मक समाज में, पौलुस ने स्त्री पर थोड़ा ध्यान दिया। निर्णय पुरुष

का होता था। उसे विवाह को लेकर सावधानी से विचार करना, अपनी इच्छाओं को ध्यान में रखना, आत्म-संयम के साथ इच्छा को सुलझाना, "अपनी कुँवारी" के बारे में भली-भाँति विचार करना, संसार के गुज़रते समय के अनुसार बातों को महत्व देना चाहिए (7:31), और उसके बाद निर्णय लें कि विवाह करने के लिये क्या यह उत्तम था या क्या उत्तम नहीं था। पौलुस ने कहा, **वह अच्छा करता है**। कोई भी सामाजिक दबाव में न आकर, **और** बिना **आवश्यकता न** हुए, जो मन में दृढ़ रहकर निर्धारित करता था। केवल वह ही निर्णय ले सकता है जो उसके और उसकी मंगेतर दोनों के लिये उत्तम था। यदि यह व्याख्या सही है, तो अनुवादकों द्वारा **बेटी** को जोड़ना गलत है। इस मुद्दे पर वह व्यक्ति एक पत्नी लेने पर विचार कर रहा था, न कि पिता जो अपनी बेटी को विवाह में दे सकता है।

**आयत 38.** सारांश वचन के साथ, पौलुस ने 7:25 में शुरू की गई चर्चा का अन्त किया। उसी समय, वह अपने विषय को संक्षिप्त रूप दे रहा था कि नये विश्वासी के लिये यह उत्तम था कि वह अपने वर्तमान वैवाहिक दशा में बने रहे (7:20)। वह अनदेखी नहीं की जाती है कि पौलुस उन प्रश्नों के साथ मसीहियों की सहायता करने के लिये सलाह दे रहा था जिनके पास सार्वभौमिक "सही" उत्तर नहीं था। कई नैतिक विकल्पों में स्पष्ट सही और गलत विकल्प हैं; परन्तु विवाह के लिये चुनने के मामले में, और शायद अन्य मामलों में, परिस्थितियों और व्यक्तिगत विकल्प ईश्वरीय निर्णयों में प्रवेश कर सकते हैं। इसके अलावा, एक विकल्प का सही होना विश्वासी की भावना में हो सकता है, जैसा कि वह सोच समझकर निर्णय लेता है, बल्कि इसके कि वह अंतिम चरण में कोई कदम उठाए।

यद्यपि क्रिया का अनुवाद "विवाह में देना" (γαμίζω, *गामिज़ो)* केवल पौलुस के लेखन में ही प्रकट होता है, यद्यपि यह यीशु द्वारा छः बार प्रयोग किया गया था। उसके कथन में, शब्द का निरन्तर अर्थ है "विवाह में देना" (मत्ती 24:38) या अकर्मक में, "विवाह में दिया जाना" (मत्ती 22:30; मरकुस 12:25; लूका 17:27; 20:34, 35)। यह शब्द किसी भी यूनानी साहित्य में नए नियम से पहले नहीं आता है। इसका उपयोग यहाँ पर एक अनुवाद "कुँवारी बेटी" के पक्ष में सबसे मज़बूत तर्क है। जो 7:36 और 7:38 में है। कभी-कभी, नया नियम और अन्य जगहों में इस क्रिया के अभाव के साथ, संदर्भ के साथ, यह सुझाव देता है कि पौलुस केवल वैकल्पिक विचार को रख रहा था जो उसने 7:26 में पहले ही कह चुका था। यही कारण है, कि वह यह दोहरा रहा था कि आजकल क्लेश ने विवाह को अपरिहार्य बना दिया है, परन्तु जो लोग जिस किसी भी रीति से विवाह करते हैं वे पाप नहीं करते थे।

### "पुनर्विवाह की चाह न करें" (7:39, 40)

**[39]जब तक किसी स्त्री का पति जीवित रहता है, तब तक वह उससे बन्धी हुई है; परन्तु यदि उसका पति मर जाए तो जिस से चाहे विवाह कर सकती है,**

**परन्तु केवल प्रभु में। [40]परन्तु जैसी है यदि वैसी ही रहे, तो मेरे विचार में और भी धन्य है; और मैं समझता हूँ कि परमेश्वर का आत्मा मुझ में भी है।**

**आयत 39.** पौलुस ने विवाह के बारे में सबसे पहली बात यह कही थी कि एक मसीही अपने पति या पत्नी से अलग न हो (7:10, 11)। उसने इस मामले के बारे में कोई बाधा नहीं व्यक्त की। विवाह के विषय में अपने सुझाव के अन्त में, पौलुस ने जो पहले कहा था, उसे दोहराया: **जब तक किसी स्त्री का पति जीवित रहता है, तब तक वह उससे बन्धी हुई है।** इसी तरह, हम अनुमान लगा सकते हैं, जब तक किसी पुरुष की पत्नी जीवित रहती है, तब तक वह उससे बन्धा हुआ है। इस प्रकार पौलुस अपने शुरुवाती विषय पर लौट रहा था (देखें रोम.7:2)।

7:25-38 में दिए गए निर्देशों में जवान पुरुष को सम्बोधित किया गया है जो विवाह पर विचार कर रहा था। 7:39, 40 में, पौलुस ने एक विधवा पर अपना ध्यान किया जो शायद उसी निर्णय पर विचार कर रही थी। विवाह एक आजीवन वचनबद्धता है; परन्तु, अधिकांश मामलों में, एक साथी दूसरे से पहले मर जाता है। कभी-कभी एक पति या पत्नी कम उम्र में मर जाते हैं, और अपने जवान विधवा या विधुर को पीछे छोड़ जाते हैं। मृतक के लिये सम्मान से, प्रेम और भक्ति द्वारा संचालित, जीवित पति या पत्नी अपने आप पर किसी और से विवाह न करने के लिये एक आजीवन वचनबद्धता थोप सकता है। इस संकल्प पर पौलुस को कोई आपत्ति नहीं थी, परन्तु उसने यह स्पष्ट किया कि प्रभु के प्रति विश्वासयोग्यता से ऐसी शपथ की आवश्यकता नहीं थी।

जब पति या पत्नी की मृत्यु हो जाती है, तो जीवित साथी दूसरी बार विवाह करने के लिये स्वतंत्र था। पौलुस ने एक प्रतिबंध लगा दिया: विधवा को **केवल प्रभु में** विवाह करना था। (κοιμάομαι, *कोइमाओमाई)* का अनुवादित शब्द **मर जाए**, का शाब्दिक अर्थ है "सो जाए।" अन्य सन्दर्भों में पौलुस ने विशेष रूप से विश्वासियों की मृत्यु के लिये इस शब्द का प्रयोग किया है। उसने यह मान लिया होगा कि अधिकांश मामलों में, विश्वासी विधवा का विवाह एक विश्वासी पति से हुआ था।

पहली दृष्टि में, "प्रभु में" वाक्यांश से पता चलता है कि विधवा को विश्वासी के अलावा किसी और से विवाह करना नहीं था; परन्तु कुछ लोगों ने एक अलग अर्थ के लिये तर्क दिया है। शायद पौलुस विधवा को स्मरण कराना चाहता था कि, एक विश्वासी होते हुए, यदि वह फिर से विवाह करती है तो उसे मसीही सिद्धान्तों द्वारा निर्देशित किया जाना चाहिए। यह सम्भावना भी देते हुए, कि कोई यह अपेक्षा कर सके, कि एक मसीही विधवा अपनी प्राथमिकताएँ तय करे ताकि एक विश्वासी से विवाह पहली चिन्ता का कारण बन सके। जब पौलुस ने नरकिस्सुस के घराने (रोम. 16:11) के बारे में "प्रभु में" वाक्यांश का प्रयोग किया, तो उसका तात्पर्य स्पष्ट रूप से उन घरानों से था जो मसीही थे, परन्तु घराने में हर किसी से नहीं। यह स्पष्ट रूप से उस वाक्यांश का अर्थ है जो 7:39 में है।

**आयत 40.** पौलुस ने जवानों को सलाह दी थी कि वे आजकल क्लेश (7:26) और इस संसार की रीति और व्यवहार बदलते जाते हैं (7:31) के कारण विवाह को स्थगित करने या विवाह से दूर रहने से बुद्धिमान होंगे। परन्तु, प्रेरित ने विवाह से मना नहीं किया। इसी प्रकार, पौलुस ने यह स्पष्ट कर दिया कि विधवा के लिये फिर से विवाह करना पाप नहीं था, **परन्तु जैसी है यदि वैसी ही रहे, तो मेरे विचार में और भी धन्य है**। वही कारक जिसने उसे एक जवान पुरुष को विवाह न करने की सलाह देने के लिये प्रेरित किया उसने विधवा पर समान रूप से लागू नहीं किया। वह और भी धन्य होगी क्योंकि वह एक पति के लिये चिन्ताओं से दबाई नहीं जाएगी, जब मसीहियों का "आजकल क्लेश" के कारण अविश्वासी लोग विरोध किया करते थे। इसके अलावा, वे बिना मन भटके परमेश्वर की सेवा करने के लिये अपनी ऊर्जा समर्पित कर सकेंगे।

जब वह जवान पुरुष को निर्देश दे रहा था जो विवाह करने के बारे में सोच रहे थे, तो पौलुस ने इन शब्दों का प्रयोग किया "सम्मति देता हूँ" (7:25)। विधवाओं के लिये उसके पास एक तुलनात्मक योग्यता थी: "तो मेरे विचार में।" इस बार, उसने वाक्यांश को जोड़ा, **और मैं समझता हूँ कि परमेश्वर का आत्मा मुझ में भी है।** इन मामलों पर पौलुस की सलाह एक आकस्मिक टिप्पणी से बढ़कर थी, फिर भी यह स्पष्ट है कि वह अपनी सलाह देने और परमेश्वर से आज्ञा का हवाला देते हुए भेद कर रहा था। सलाह के रूप में उसने नहीं कहा, "... पत्नी अपने पति से अलग न हो" (7:10)। जब उसने शब्दों को अपनी सलाह के रूप में प्रदान किया, तो पौलुस उन परिस्थितियों की बात कर रहा था जो पूरी तरह से सही या गलत नहीं थी।

फिर भी, मसीहियों के लिये सबसे अच्छा कदम उठाना उदासीनता का मामला नहीं था। उदाहरण के लिये, धोबी या बढ़ई के रूप में किसी का व्यवसाय, सामान्य परिस्थितियों में विश्वासियों के लिये उदासीनता का विषय होगा। इसके विपरीत, कुरिन्थ की स्थिति को देखते हुए एक व्यक्ति की वैवाहिक स्थिति के परिणामस्वरूप उसके मसीही जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती थी। जब पौलुस ने अपने विचारों को कुरिन्थियों के समक्ष बताया, तो वे इसे भार के साथ प्राप्त करना चाहते थे क्योंकि "परमेश्वर का आत्मा" सलाह के उसके शब्दों में प्रदर्शित होता था।

## अनुप्रयोग

### चुनाव और बुद्धिमानी

जो लोग आज्ञाओं की एक श्रृंखला के लिये पवित्रशास्त्र के महत्व को कम करने का प्रयास करते हैं, वे पौलुस की पेशकश सलाह से असहज हो सकते हैं। कुरिन्थियों के विवाह के सलाह के बारे में प्रेरितों के अनुयायियों को तत्काल संदर्भ से परे प्रभाव पड़ता है। भिन्न परिस्थितियों में मसीहियों को अलग-अलग तरीके से कार्य करने के लिये कहा जा सकता है। लोग ऐसे निर्णयों का सामना

करते हैं जिनमें "बुद्धिमानी" या "मूर्खता," "सही" या "गलत" नहीं, उन कार्यों का वर्णन होता है जिन्हें उन्हें चुनना चाहिए। कुरिन्थ के मसीहियों की स्थिति को देखते हुए, अविवाहित पुरुषों और स्त्रियों को अविवाहित रहना बुद्धिमानी था, परन्तु उनके लिये विवाह करना भी गलत नहीं था। इस सम्बन्ध में, प्रेषित ने कोई भी व्यवस्था प्रस्तुत नहीं किया था जिसकी हर परिस्थिति में सही होने की अपेक्षा की जा सकती थी।

मसीहियों को व्यवस्था की आवश्यकता है। झूठ, चोरी, या व्यभिचार करना गलत है, क्योंकि ऐसे कार्य स्व-सेवा के लिये होते हैं। यद्यपि, विश्वासियों ने कई स्थितियों में टकराव कराया है जिसमें शास्त्र आधारित सिद्धान्त लागू होते हैं परन्तु सुविधाजनक नहीं होते हैं। कुरिन्थ के विवाह के बारे में सोचने वाले मसीही इस स्थिति में थे। इस विषय पर पौलुस की सलाह दर्शाती है कि परिस्थितियों के आधार पर एक निश्चित कार्यवाही सही या गलत हो सकती है। यहाँ तक कि बाइबल निर्देश के साथ, विश्वासियों को कभी-कभी साथी मसीहियों, परिवार के सदस्यों और विश्वसनीय मित्रों से सलाह की आवश्यकता होती है; परन्तु ऐसी सलाह को कभी भी निरस्त नहीं करना चाहिए जो बाइबल कहती है। परमेश्वर के लोगों को प्रतिदिन के लिये शास्त्रों की शिक्षा को लागू करने में अपने सर्वोत्तम निर्णय का उपयोग करने की आवश्यकता है।

## विवाह, जीवन भर की वचनबद्धता

धारणा है कि एक विवाह का निर्माण एक पुरुष और स्त्री के बीच रोमांचक प्रेम पर किया जाना, संसार के मंच पर बिल्कुल नया है। जब इसहाक का नौकर लौट आया और अपने मालिक के सामने रिबका का परिचय दिया, बाइबल कहती है कि "उसको ब्याह कर उससे प्रेम किया" (उत्पत्ति 24:67)। यही आज्ञा थी: विवाह के पश्चात प्रेम किया। वचनबद्धता पहले आती है; प्रेम पीछे चलता है। इस प्रकार कोई प्रेम करना चुनता है, जैसे वह जीवन भर जीवनसाथी के प्रति वचनबद्धता बनाए रखने का चयन करता है। प्रेम को किसी की क्षमता के साथ अधिक करना है - दूसरे व्यक्ति की देखभाल करना, एक पति या पत्नी के गुणों का वर्णन किए जाने की तुलना में अधिक है। इसके विपरीत, जब कोई पुरुष या स्त्री अपने साथी को तलाक दे देता है, तो सम्भवतः यह तलाकशुदा साथी के प्रेम के गुणों की तुलना में उसके प्रेम की क्षमता के बारे में अधिक बताता है। जब पौलुस ने पतियों को अपनी पत्नियों से प्रेम करने का निर्देश दिया (इफि. 5:25), तो वह आकर्षण या मोह से अधिक गहरा कुछ बातों के बारे में बता रहा था।

परिभाषा के अनुसार, बाइबल, विवाह को आजीवन वचनबद्धता मानती है। प्रतिबद्धता तीन क्षेत्रों में आधारित है।

*सबसे पहले, दो मसीही लोग जो विवाह करते हैं, अपने पक्ष में परमेश्वर के साथ बने रहते हैं।* आरम्भ में, परमेश्वर ने कहा, "पुरुष अपने माता-पिता को छोड़कर अपनी पत्नी से मिला रहेगा, और वे एक ही तन बने रहेंगे" (उत्पत्ति 2:24)। कुलपतियों की कहानियाँ कुल माताओं की कहानियाँ भी हैं। एक पति

और पत्नी, जो परमेश्वर के मार्गदर्शन का पालन करते हैं, एक दूसरे का सम्मान करते हैं और एक दूसरे पर निर्भरता के साथ नम्रता से व्यवहार करते हैं; वे अपने प्रेम रखनेवाले को दुःख पहुँचाने के प्रति संवेदनशील होते हैं।

*दूसरा, विवाह में दो लोग एक दूसरे के प्रति वचनबद्ध होते हैं।* हर स्त्री को विश्वास करना चाहिए कि कम से कम एक व्यक्ति उसे सच में जानता है और उसकी कमज़ोरियों के बावजूद उससे अत्यन्त प्रेम करता है। प्रत्येक पुरुष चाहता है कि बिना किसी शर्त के कोई उससे प्रेम करे और उसका सम्मान करे। जीवन साथी के प्रति वचनबद्धता का अर्थ है कि वह अपनी पत्नी के लिये संसार का सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति है, या वह अपने पति के जीवन में सबसे बहुमूल्य व्यक्ति है।

*तीसरा, विवाह एक बड़े समाज के प्रति वचनबद्धता है जिसमें वह रहता है: विस्तारित परिवार, पड़ोस, समुदाय, राष्ट्र और विश्व उसका एक समाज है।* यह पिछली और वर्तमान पीढ़ी के प्रति वचनबद्धता है। इसके अलावा, यह परमेश्वर के सामने एक वचनबद्धता है। पौलुस की आज्ञा यह है कि किसी भी मसीही पति या पत्नी को तलाक की शुरुवात नहीं करनी चाहिए (7:10, 11) यह एक समुदाय का घटक है। सदियों से संसार भर में, विवाह में एक सार्वजनिक घोषणा शामिल है। विवाह अपने लोगों, वचनबद्धता और विश्वास की आधारशिला है क्योंकि लोग साझा की प्रतिज्ञा का सम्मान करते हैं, जिस पर विवाह आधारित है। हर विवाह जो विफल हो जाता है वह किसी न किसी प्रकार से हर वैवाहिक जीवन के लिये खतरा है। सफल विवाह से समाज को लाभ मिलता है।

## प्रेम, आदर और बढ़ना (7:1-24)

पिछले दो हज़ार वर्षों से, बाइबल की शिक्षाओं में बदलाव नहीं हुआ है। दूसरी ओर, संसार ने एक बड़े बदलाव को लाया है। सामाजिक प्रथाओं, जिस तरह से लोग जीवन यापन करते हैं, बच्चों का पालन-पोषण करते हैं, और परिवार के रिवाज़ों में बदलाव आया है। बाइबल की शिक्षाएँ एक समान हैं, परन्तु बाइबल शिक्षण के विशेष भागों में ज़ोर देने की आवश्यकता समय-समय पर और अलग अलग स्थानों पर होती रहती है। मसीही शिक्षकों के कार्यों में से एक बाइबल से उसके संदेश का हिस्सा है जो वर्तमान पीढ़ी की आत्मिक आवश्यकताओं को सम्बोधित करता है। यह एक चतुराई का काम है।

कौन सी बाइबल शिक्षा वर्तमान पीढ़ी तक की सबसे अधिक आवश्यकता बनी हुई है? कई जानकार और भक्त विश्वासियों का कहना है कि इस पीढ़ी की सबसे उत्तम आत्मिक आवश्यकता में विवाह, घर और परिवार शामिल हैं। आरम्भ में परमेश्वर ने एक पुरुष और एक स्त्री को जीवन साथी होने के लिये बनाया। यही एक तरीका है जो होना चाहिए, पर अधिकांश ईश्वरीय लोग जानते हैं कि बाइबल का प्रभाव यौन व्यवहार पर, आज थोड़ी और न होने के बीच कहीं होती है। जब पुरुष और स्त्री विवाह को अस्वीकार करते हैं, या जब विवाह के शपथ को हल्के ढंग से लिया जाता है, तो इसका परिणाम पूरे

जीवनकाल में छाया रहता है।

यदि असफल विवाह के परिणामों को केवल उन लोगों द्वारा उठाया जाता है जिन्होंने अवमानना में अपनी वचनबद्धता रखी है, तो हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि व्यक्तियों को जो मिलना चाहिए उन्हें वह मिल पाया। ऐसा शायद ही कभी सच होता है। जब विवाह विफल हो जाता है, तो कई परिणामों में निर्दोषों पर, बच्चों पर जीवन में आगे चलकर आते हैं।

वैवाहिक संकट बड़े शहरों या दूर स्थानों तक ही सीमित नहीं है। एक ग्रामीण अमेरिकी समुदाय के ठेठ चौथे वर्ग के बच्चों में से आधे से कम बच्चे ही अपने जैविक पिता और माता के साथ रहते हैं। आँकड़े भयावह हैं। जैविक माता-पिता से अलग रहने वाले बच्चों की स्कूल छोड़ने, गरीबी में बढ़ने; अविवाहित माता-पिता बनने; ड्रग्स, अपराध और अल्कोहल की ओर बढ़ने की सम्भावना अधिक होती है। जब यौन सन्तुष्टि एक अस्थायी व्यवस्था का हिस्सा हो, तो परिणाम पूरे समाज में महसूस किया जाता है।

समाजशास्त्रियों ने आँकड़ों की मात्रा संकलित की है इन आंकड़ों के अनुसार, जब घर अस्थिर होते हैं, तो आकस्मिक मृत्यु बढ़ जाती है; दिवालिया होने के आसार अधिक होते हैं; गरीबी, हत्या, हिंसा, और चोरी का दर बढ़ जाता है। अपराध-ग्रस्त पड़ोस में कितने स्थिर विवाह सुरक्षित रह पाते हैं? जब विवाह के प्रति वचनबद्धता व्यर्थ हो, तो मानव जीवन का मूल्य व्यर्थ होता है। हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि अस्थायी रहने की व्यवस्था, आकस्मिक यौन और गर्भपात दर के बीच एक सम्बन्ध पाया जाता है।

मसीही स्वयं को भ्रमित करना पसंद करते हैं। विश्वासियों को यह सोचना अच्छा लगता है कि, पश्चिमी दुनिया में घरों में विघटन हो रहा है, जबकि कलीसियाएँ स्थिर विवाह के लिये आश्रय हैं। आँकड़े और कुछ कहते हैं। वे कहते हैं, रूढ़िवादी मसीहियों में तलाक की दर सामान्य आबादी के समान है।

हम क्या करने के लिये हैं? मसीही संदेश संकट को कैसे सम्बोधित करता है? क्या बाइबल की शिक्षा पर ज़ोर देने की आवश्यकता है? सबसे पहले, यदि हम यह सिखाने जा रहे हैं कि बाइबल क्या करती है, तो यह स्पष्ट रूप से कहा जाना चाहिए कि *विवाह एक आजीवन वचनबद्धता है।* विवाह को तोड़ना पाप है। पौलुस के शब्द स्पष्ट हैं:

> जिनका विवाह हो गया है, उनको मैं नहीं, वरन् प्रभु आज्ञा देता है कि पत्नी अपने पति से अलग न हो और (यदि अलग भी हो जाए, तो बिन दूसरा विवाह किए रहे; या अपने पति से फिर मेल कर ले) और न पति अपनी पत्नी को छोड़े (7:10, 11)।

क्या सच्चा प्रेम एक जवान स्त्री और एक जवान पुरुष के मोह से शुरू होता है जिन्हें प्रशंसा से हार्मोन को अलग करने में परेशानी होती है? वास्तव में, सच्चा प्रेम तब शुरू होता है जब वे एक प्रचारक के समक्ष खड़े हो जाते हैं और उसकी प्रतिज्ञा दोहराते हैं। इस दृष्टिकोण के अनुसार, विवाह सच्चे प्रेम की शुरुवात है।

रॉबर्ट लुइस स्टीवेन्सन ने इसे बहुत सही ढंग से कहा है:

> प्रेम में पड़ना और प्रेम को जीतना अक्सर घबराहट और विद्रोही आत्माओं के लिये कठिन कार्य होते हैं; परन्तु प्रेम रखना कुछ महत्व का कार्य भी है, जिसके लिये दोनों पति और पत्नी को दयालुता और सद्भावना लानी चाहिए। सच्ची प्रेम कहानी वेदी पर शुरू होती है, जब विवाहित जोड़ी से पहले बुद्धि और उदारता की सबसे सुंदर प्रतियोगिता होती है।[23]

वेदी सच्चे प्रेम की परिणति नहीं है; यह तो एक शुरुवात है। जिनका विवाह हो गया है, सच्चा प्रेम बुद्धिमान, निस्वार्थ, और परिपक्व लोगों के लिये परमेश्वर का वरदान है।

सुसमाचार लेखों में यह आश्वासन है कि पौलुस की शिक्षा प्रभु की शिक्षा के समान थी। विश्वासियों को संदेह नहीं होना चाहिए। यीशु ने पतियों और पत्नियों द्वारा किए गए वचनबद्धताओं की स्थायित्व को सिखाया:

> पर सृष्टि के आरम्भ से परमेश्वर ने नर और नारी करके उनको बनाया है। इस कारण मनुष्य अपने माता-पिता से अलग होकर अपनी पत्नी के साथ रहेगा, और वे दोनों एक तन होंगे; इसलिये वे अब दो नहीं पर एक तन हैं। इसलिये जिसे परमेश्वर ने जोड़ा है उसे मनुष्य अलग न करे (मरकुस 10:6-9)।

कई प्रश्न उठते हैं। क्या होगा यदि कोई व्यक्ति अपनी पत्नी से दुरुपयोग करता है? यदि साथी का कोई प्रेमी या प्रेमिका हो तो क्या होगा? कुछ मामलों में, दुर्व्यवहार करनेवाले साथी से अलग होना सबसे अच्छा काम हो सकता है; परन्तु उस मामले में पौलुस कहता है कि वह अविवाहित रहे। यह विचार कुछ लोगों के लिये पुनर्विचार करने का कारण हो सकता है जब वे विवाह का त्याग करने का आसान विकल्प ढूँढ़ रहे हों। यह निश्चित है: लोग विवाह को तोड़ते हैं क्योंकि कोई एक या दोनों किसी और से विवाह करना चाहता है, जो कि परमेश्वर के विरुद्ध पाप है। वैवाहिक जीवन में दोनों साथी स्वयं को दूसरे के लिये समर्पित करने का वचन ले चुके होते है। पौलुस यह सलाह देगा: अपने विवाह पर काम करें। यदि मसीह आपका प्रभु है, यदि आप उन लोगों की चिन्ता करते हैं जो आपसे प्रेम करते हैं और आपका समर्थन करते हैं, यदि आपके द्वारा किए गए या भविष्य में किए जाने वाली प्रतिज्ञाएँ आपके लिए महत्वपूर्ण हैं, तो आप मज़बूत वैवाहिक जीवन का निर्माण करने के लिये अपनी ऊर्जा का हर एक बूंद दें।

मसीही प्रार्थना करते हैं कि वह दिन आएगा जब विश्व मसीह की कलीसियाओं की ओर देखे और कहे, "इन लोगों की बुद्धि का स्रोत क्या है? उनके खुशहाल घरों का स्रोत क्या है? क्यों उनके बच्चे बढ़ने जाते हैं और बदले में घरों में खुशहाली होती है?" एक दर्शक कहता है, "ये लोग पहले परमेश्वर का आदर करते हैं, और फिर वे एक दूसरे का आदर करते हैं। वे अपने विवाह और घरों को प्राथमिकता देते हैं।" परमेश्वर विवाह का कर्ता है। उसने अपनी सृष्टि की भलाई

और खुशहाली के लिये विवाह प्रदान की है। जो पुरुष और स्त्री जीवन के पूर्ण आशीष का आनन्द लेना चाहते हैं, वे ऐसा कर सकते हैं। पौलुस की सलाह यह है: स्वयं में एक अच्छा पति या एक अच्छी पत्नी की तलाश में रहें। उस व्यक्ति के साथ खड़े रहें। उसकी सहायता और उससे प्रेम करें।

एक दुःखी वैवाहिक जीवन के कारणों की पहचान करना कठिन नहीं है। कुछ पति पत्नी एक-दूसरे पर सभी ज़िम्मेदारियों को डालने का प्रयास करते हैं, प्रत्येक सोच के साथ दूसरे को खुश करना उनकी ज़िम्मेदारी है। कोई एक या दोनों बार बार शिकायत कर सकते हैं, दोषों की तलाश कर सकते हैं, या उन सभी पर ध्यान दे सकते हैं जिनका उनके जीवन में अभाव हो। ऐसे कार्य और व्यवहार निश्चय ही दुःख लेकर आएँगे।

जो लोग सफल वैवाहिक जीवन के लिये जादुई मन्त्र की तलाश में हैं, वे इसे ढूँढ़ नहीं पाएँगे। जो गुण कम अंतरंग रिश्तों में लोगों को मार्गदर्शन करते हैं, वे घर में काम करते हैं। विचार, विचारशीलता, और उदारता सिर्फ़ आकस्मिक परिचितों के लिये नहीं हैं; वे अच्छा वैवाहिक जीवन बनाए रखने में भी सहायक हो सकते हैं। उन लोगों के लिये सबसे अच्छी बाइबल की कुंजी इफिसियों 4:31, 32 है जो एक अच्छा विवाह चाहते हैं और जो सभी आशीषों को लाता है:

> सब प्रकार की कड़वाहट, और प्रकोप और क्रोध, और कलह, और निन्दा, सब बैरभाव समेत तुम से दूर की जाए। एक दूसरे पर कृपालु और करुणामय हो, और जैसे परमेश्वर ने मसीह में तुम्हारे अपराध क्षमा किए, वैसे ही तुम भी एक दूसरे के अपराध क्षमा करो।

---

समाप्ति नोट्स

[1]1984 में छापी गयी NIV के अनुवादकों ने 7:1 के वाक्यांश को स्पष्ट रूप से 7:26 में वर्णन किए गए विवाह को अनुचित बनाने वाले "वर्तमान संकट" के विषय पौलुस की चेतावनी के आरम्भ के रूप में समझ लिया था, जबकि यह अनुचित नहीं था। इस संस्करण में 7:1 में उद्धरण चिन्ह नहीं हैं। हालाँकि, NIV का अपडेटेड (2011) संस्करण में वहाँ पर उद्धरण चिन्ह सम्मिलित हैं। 6:12, 13 और 7:1 में वाक्यांशों में, चूंकि वे योग्यता के द्वारा अनुसरण किए गए हैं, यह सुझाव देते हैं कि पौलुस उन उद्धरणों का वर्णन कर रहा था जो उसके पाठकों के लिए परिचित थे। [2]रिचर्ड बी. हेस, *द मॉरल विज़न ऑफ़ न्यू टेस्टामेंट: कम्युनिटी, क्रॉस, न्यू क्रिएशन* (सैन फ्रेंसिस्को: हार्पर-सैन फ्रेंसिस्को, 1996), 50. [3]वेयन ऐ. मीक्स, *द फ़र्स्ट अर्बन क्रिश्चियन्स: द सोशल वर्ल्ड ऑफ़ द अपौस्ल पौल*, 2न्ड एड. (न्यू हैवन, कौनन.: येल यूनिवर्सिटी प्रैस, 2003), 100-1. [4]एँफ़. एँफ़. ब्रूस, *पॉल: द अपोस्ल ऑफ़ द हार्ट सेट फ्री* (ग्रैंड रेपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. इर्डमंस पब्लिशिंग को, 1977), 267. [5]अन्य लक्षण प्रेम है (ἀγάπη, अगापे)। [6]डेविड इ.गारलैंड, *1 कोरिन्थिंस*, बेकर एक्सेजिटिकल कमेन्टरी (ग्रान्ड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर अकेडमिक, 2003), 295n. [7]एन्थोनी सी. थिसेल्टन, *द फर्स्ट इपिसल टू द कोरिन्थिंस: अ कमेन्टरी ऑन द ग्रीक टेक्स्ट* (ग्रान्ड रैपिड्स, मिशिगन: विल. बी. पब्लिशिंग कम्प., 2000), 527. [8]जे. कार्ल लाने, "पौल एण्ड द परमानेन्स ऑफ मैरिज इन 1 कोरिन्थिंस 7," *जर्नल ऑफ दि एवेन्जलिकल थिओलॉजिकल सोसाइटी* 25 (सेप्टेम्बर 1982): 287. [9]सेल्सस ने मसीही शिक्षकों पर बच्चों के और "मुर्ख स्त्रियों" के मन को विकृत करने का आरोप लगाया (ओरिगेन *अगेंस्ट सेल्सस* 3.55). [10]2 कुरिन्थियों में

पौलुस के विरोधियों की पहचान गहन चर्चा का विषय रहा है। 2 कुरिन्थियों 3:14-16 में प्रेरित के शब्दों से यह संकेत मिलता है कि कुरिन्थ में व्यवस्था के पालन के बारे में विवाद के बाद में विकसित हुआ।

[11]"व्यायामशाला" शब्द की उत्पत्ति यूनानी भाषा के γυμνός (गुमनोस) से हुआ है, जिसका अर्थ "नग्न" होता है। [12]वाल्टर बउएर, *अ ग्रीक-इंग्लिश लेक्सिकन ऑफ द न्यू टेस्टामेंट एण्ड अदर अर्ली क्रिस्चियन लिटरेचर*, 3ड एड., रेव्ह. फ्रेडरिक विलियम डनकर (शिकागो: यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो प्रेस, 2000), 380. [13]देखें 1 मकाबियों 1:15; जोसेफस *एन्टीक्यूटीस* 12.5.1. [12.241]. [14]गारलैंड ने इस दृष्टिकोण की जाँच की कि पौलुस ने दासों से आग्रह किया कि वे अपनी स्वतन्त्रता की तलाश न करें। उसने कहा कि व्याख्या के लिये एक उचित मामला बनाया जा सकता है,परन्तु अन्त में उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया। (गारलैंड 308-10.) [15]कैटो *एग्रीकल्चर* 2.7. [16]पहली सदी के अन्त में वक्ता, डीओ क्रिस्टोस्टोम ने उल्लेख किया कि बड़ी संख्या में मनुष्यों ने स्वयं को दासत्व में बेच दिया (डीओ क्रिस्टोस्टोम के *उपदेश* 15.23)। इसलिये, वक्ता के अलंकारिक रुपरेखा के लिये तथ्य को सुशोभित करने की प्रवृत्ति पर विचार किया जाना चाहिए। [17]कुछ मंडलियों में दोनों मूर्तिपूजक और शुरुआती मसीही नैतिकवादियों ने कुँवारेपन या प्रायः यौन सम्बन्धों की पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिये मूल्य को समझा गया। इसलिये, इसका इस तथ्य पर कोई असर नहीं हुआ कि "कुँवारी" का आकस्मिक उपयोग सामान्य रूप से एक स्त्री को संदर्भित करता है। (मारगरेट ए. स्चात्किन, "वेर्जिन्स," इन *इनसाइक्लोपीडिया ऑफ अर्ली क्रिश्चियनिटी*, एड. एवेरेट फेरगुसोन [न्यू योर्क: गारलैंड पब्लिशिंग, 1990], 930-32.) [18]लियोन मॉरीस को इन आयतों के भाग का एक अलग दृष्टिकोण था जो ध्यान देने योग्य है: "कम एक आदर्श कृदंत है: समय कम किया गया है। कई लोग द्वितीय आगमन के संदर्भ में देखते हैं। ये सही हो सकता है, यद्यपि वह अक्सर प्रभु की वापसी को संदर्भित करता है, पौलुस कभी भी कहीं और इस तरह के सलाह को इसके सम्बन्ध में नहीं देता है। लोगों को दोषरहित जीवन जीने को प्रेरित करने के लिये अपने पहले और बाद के पत्रियों में वह द्वितीय आगमन का प्रयोग करता है (उदाहरण के लिये 1 थिस्सलुनीकियों 5:1-11; फिल्लिपियों 1:9-11)। आजकल के क्लेश जो यहाँ पर चिह्नित है, नहीं पाया जाता है। जो लोग यहाँ द्वितीय आगमन को देखते हैं, उन्हें पीढ़ी के किसी भी दूसरे से अलग तरह से रहना चाहिए, जैसे प्रश्न का सामना कभी नहीं करना है। हम सभी एक ही न्याय का सामना करते हैं ... कुरिन्थ की बढ़ती हुई परिस्थितियों के संदर्भ को देखना सबसे अच्छा है (आयत 26 का दुःख)। स्पष्ट रूप से अन्त का समय दूर नहीं था; इस क्लेश की अवधि में कई तरह के व्यवहार को परिवर्तित किया जाना चाहिए" (लियोन मौरिस, *द फर्स्ट इपिस्टल आप पॉल टू द कुरिंथियंस*, संशोधित संस्करण, द टिंडेल न्यू टेस्टामेंट कमेंट्री [ग्रैंड रैपिड्स, मिशीगनः विलियम बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी, 1985], 113-14.) [19]रिचर्ड इ. ओस्टर, जूनियर, *1 कोरिन्थिंस*, द कॉलेज प्रेस NIV कमेन्टरी (जोप्लिन, मो.: कॉलेज प्रेस पब्लिशिंग कम्प., 1995), 180-81. [20]*डिस्कोर्सेस* 3.22.71-72.

[21]प्रश्न कई शाब्दिक विविधताओं से जुड़े हुए हैं, परन्तु इन विषयों की चर्चा इस अध्ययन के दायरे से परे है। [22]बउएर,188. [23]रॉबर्ट लुइस स्टीवेन्सन, "एल डोराडो," इन *द वर्क्स ऑफ रॉबर्ट लुइस स्टीवेन्सन*, वॉल्यूम 6, *मेमोरीज एण्ड पोर्ट्रेट्स* (न्यूयॉर्क: डावोस प्रेस, 1906), 235-36.